

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 203 | ग्वालियर गुरुवार 30 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


### अंबाला एयरबेस पर राफेल की लैंडिंग हुई

# रक्षामंत्री ने कहा सैन्य क्षेत्र में यह नये युग की शुरुआत

**अंबाला।** फ्रांस से 7 हजार किलोमीटर की दूरी तय करके 5 राफेल बुधवार 29क जुलाई की दोपहर करीब 3.15 बजे अंबाला एयरबेस पर उतरे. राफेल की अगवानी वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया समेत वेस्टर्न एयर कमांड के कई अधिकारियों ने की. अंबाला एयरबेस पर 17वीं गोल्डन एरो स्क्वॉड्रन राफेल की पहली स्क्वॉड्रन होगी. 22 साल बाद भारत को 5 नए फाइटर प्लेन मिले हैं. इससे पहले 1997 में भारत को रूस से सुखोई मिले थे. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल की लैंडिंग के तुरंत बाद ट्वीट किया. उन्होंने लिखा- भारत की सरजमीं पर राफेल



का उतरना सैन्य इतिहास में एक नए युग की शुरुआत है जब राफेल की टुकड़ी ने भारत के एयरस्पेस में प्रवेश किया, तब उसका आईएनएस कोलकाता से संपर्क हुआ. नौसेना के इस जहाज ने राफेल की टुकड़ी से संपर्क साधा और कहा- एरो लीडर, हिंद महासागर में आपका स्वागत है. हैप्पी लैंडिंग, हैप्पी हंटिंग. एटमी हथियार ले जाने की ताकत रखने वाला ये विमान दुनिया में अकेला ऐसा फाइटर एयरक्राफ्ट है, जो 55 हजार फीट की ऊंचाई से भी दुश्मन को तबाह करने की ताकत रखता है. सबसे अहम बात यह है कि ये काबिलियत हमारे पड़ोसियों पाकिस्तान और चीन दोनों की ही सेना के पास नहीं है. 5 विमानों की बैच में सबसे पहले विमान को वायुसेना की 17वीं गोल्डन एरो स्क्वॉड्रन के कमांडिंग ऑफिसर और शौर्य चक्र विजेता ग्रुप कैप्टन हरकीरत सिंह ने लैंड करवाया. पीछे-पीछे 4 अन्य राफेल लैंड हुए. इस मौके पर राफेल को लाने वाले पायलटों के परिवार भी मौजूद हैं. लैंडिंग के बाद राफेल को वॉटर सैल्यूट दिया गया. इसके बाद सैन्य सेरेमनी होगी. लैंडिंग के दौरान एयरफोर्स स्टेशन के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है. 3 किलोमीटर तक ड्रोन कैमरे के इस्तेमाल पर भी रोक है.

### 1 अगस्त से अनलॉक-3: देशभर से नाइट कर्फ्यू हटाया जाएगा

# 5 से योग इंस्टिट्यूट्स और जिम खुल सकेंगे, स्कूल-कॉलेज 31 तक बंद ही रहेंगे

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने अनलॉक-3 की गाइडलाइन बुधवार को जारी कर दी। गाइडलाइन के मुताबिक, रात में लोगों के आने-जाने पर पाबंदी हटा दी गई है। इसके साथ ही योग संस्थान और जिम को 5 अगस्त से खोलने की मंजूरी दे दी गई है। इसमें कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाए जा सकेंगे। इस दौरान मास्क पहनना जरूरी होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय की जारी गाइडलाइंस जारी के अनुसार 1 अगस्त से नाइट कर्फ्यू खत्म हो जाएगा। 5 अगस्त से जिम भी खोले जा सकेंगे। हालांकि, 31 अगस्त तक स्कूल, कॉलेज बंद रहेंगे। मेट्रो, सिनेमाघर, स्विमिंग पुल भी अभी नहीं खुलेंगे। कंटेनमेंट जोन्स में 31 अगस्त तक लॉकडाउन की पाबंदियों में किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी।




सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक या मनोरंजन से जुड़े आयोजनों पर रोक जारी रहेगी, जिनमें भीड़ जुटती है। स्वतंत्रतता दिवस समारोह को सोशल डिस्टेंसिंग और दूसरे हेल्थ प्रोटोकॉल्स (जैसे मास्क पहनना) के साथ इजाजत दी गई है। कंटेनमेंट जोन्स में 31 अगस्त तक लॉकडाउन जारी रहेगा। इन जोन्स में सिर्फ जरूरी गतिविधियों को इजाजत रहेगी। गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस के हिसाब से कंटेनमेंट जोन्स का फैसला डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज करेंगी। 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों, पहले से गंभीर बीमीरियों से जूझ रहे लोगों, गर्भवती महिलाओं और 10 साल से कम उम्र के बच्चों को पहले की तरह ही घर में रहने की सलाह दी गई है। इन श्रेणी के लोगों को बहुत जरूरी होने या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या पर ही घर से बाहर जाने की सलाह दी गई है।

#### अनलॉक-3 में क्या छूट

नाइट कर्फ्यू हटा दिया गया है यानी रात में लोगों के आने-जाने पर पाबंदी नहीं रहेगी।
5 अगस्त से योग संस्थान, जिम खोलने की मंजूरी। एसओपी का पालन सख्ती के साथ करना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य।
स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाए जा सकेंगे। इस दौरान मास्क पहनना जरूरी होगा।
वंदे भारत मिशन के तहत सीमित दायरे में इंटरनेशनल एयर ट्रैवल को मंजूरी। इसे आगे और ज्यादा बढ़ाया जाएगा।
कंटेनमेंट जोन के बाहर मेट्रो, सिनेमा हॉल, एंटरटेनमेंट पार्क, बार, ऑडिटोरियम, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, मनोरंजक और शैक्षणिक कार्यक्रमों को छोड़कर बाकी सारी गतिविधियों को मंजूरी।
कंटेनमेंट जोन के लिए गाइडलाइन
कंटेनमेंट जोन में 31 जुलाई तक सख्ती से लॉकडाउन लागू किया जाना चाहिए।
राज्य सरकार बेहद ध्यान से कंटेनमेंट जोन का निर्धारण करें।
केवल जरूरी सेवाओं को मंजूरी दी जाएगी, इसके अलावा किसी भी चीज की नहीं।

# एमपी बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा भी निकले कोरोना पॉजिटिव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वीडी शर्मा भी कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं. तीसरी रिपोर्ट में शर्मा के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है. सीएम शिवराज सिंह चौहान और कमल नाथ ने ट्वीट कर उनके शीघ्र स्वस्?थ होने की कामना की है. उल्लेखनीय है कि कल ही मंत्री तुलसी सिलावट और भाजपा संगठन मंत्री सुहास भगत के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई थी. वहीं मंत्री



अरविंद भदौरिया के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान भी कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं. इनका चिरायु अस्पताल में उपचार चल रहा है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि सुबह हल्का सा बुखार होने की वजह से उन्होंने तीसरी बार कोरोना टेस्ट कराया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद वे चिरायु हॉस्पिटल में भर्ती होने के लिए जा रहे हैं. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्वस्थ हैं और कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए हॉस्पिटल ना आएं.

## मुकुल राय हुए भाजपा से नाराज, केंद्र में मंत्री बनाने का दबाव

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए मुकुल राय ने भाजपा पर अपना दबाव बढ़ा दिया है। उन्हें केंद्र में मंत्री बनाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक भाजपा ने उन्हें मंत्री बनाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा के चुनाव हैं, चुनाव के पहले यदि वह राज्यसभा के सदस्य और मंत्री नहीं बने तो वह फिर कुछ भी नहीं बन पाएंगे इसको देखते हुए उनके सामने अब दो ही विकल्प हैं कि भाजपा उन्हें नवंबर माह में उत्तर प्रदेश से उन्हें राज्यसभा में भेजें और केंद्र में मंत्री बनाएं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वह भाजपा छोड़कर फिर से तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

# बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को मिली जान से मारने की धमकी

**भोपाल।** राम मंदिर पर दिए गए बयान के बाद भोपाल की बीजेपी सांसद प्रज्ञा ठाकुर को किसी ने अज्ञात नंबर से धमकी दी है। फोन करने वाले ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए अपशब्दों का भी प्रयोग किया है। हालांकि साध्वी प्रज्ञा का कहना है कि मैं डरुंगी नहीं। देशभक्ति पहले हैं, बाकी सब कुछ बाद में। मामले की रिपोर्ट कमला नगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस फोन नंबर के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है। सांसद प्रज्ञा ठाकुर का कहना है अज्ञात फोन नंबर से कई कॉल आए और उन्हें धमकाया गया। मुझे, पीएम मोदी और अमित शाह को गालियां दी गई हैं। मैंने हनुमान चालीसा के जरिये कोरोना ठीक होने की बात कही थी। बताया जा रहा है कि फोन करने वाले ने सांसद से



अभद्रता पूर्वक बातचीत की। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के अनुसार, धमकी देने वाले ने कहा-खूब हनुमान चालीसा करवाओ पर जिंदा नहीं बचोगे। इससे पहले कुछ माह पूर्व प्रज्ञा ठाकुर के घर डाक से एक लिफाफा पहुंचा था, जिसमें संदिग्ध सफेद पाउडर था और धमकी दी गई थी। बाद में आरोपी महाराष्ट्र से पकड़ा गया था। पुलिस के मुताबिक वो मामला आरोपी के पारिवारिक कलह का था। उसने अपने परिवार को फंसाने के लिए ये तरीका अपनाया था।

# चौकीदार जी अब तो राफेल की कीमत बता दो : दिग्विजय

**नई दिल्ली।** राफेल लड़ाकू विमान लोकसभा चुनाव-2019 में सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विमान करार में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए संसद, संसद के बाहर और सर्वोच्च न्यायालय में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को घेरा था। दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर इस करार पर सवाल उठाते हुए पीएम मोदी से राफेल विमान की कीमत पूछी है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा आखिर राफेल प्लेन आ गया। 126 राफेल खरीदने का फैसला 2012 में यूपीए सरकार ने किया था, जिसमें से 18 राफेल छोड़कर अन्य सभी को एचएएल द्वारा भारत में बनाया जाना था। यह भारत के आत्मनिर्भर होने का प्रमाण था, एक राफेल की कीमत 746 करोड़ रुपए तय की गई थी। दिग्विजय सिंह ने लिखा कि मोदी सरकार के आने के बाद फ्रांस के साथ पीएम मोदी ने बिना रक्षा व वित्त मंत्रालय व कैबिनेट कमेटी की मंजूरी के नया समझौता कर लिया और एचएएल का हक मार कर निजी कंपनी को देने का समझौता कर लिया।



### ओडिशा- 10वीं बोर्ड परीक्षा



# लड़कियों रचा कीर्तमान, लड़कों पछाड़ा, 78.76 फीसदी रहा परिणाम

**भुवनेश्वर।** ओडिशा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में लड़कियों ने कार्तिमान रचते हुए लड़कों पछाड़ दिया है। 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए जिनमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों के मुकाबले चार प्रतिशत अधिक रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.98 रहा जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.80 रहा। परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 78.76 रहा। स्कूल एवं जन शिक्षा मंत्री एसआर दास ने कहा कि 5,34,843 छात्रों में से 4,21,256 छात्रों ने परीक्षा पास की। मंत्री ने कहा, 'इस वर्ष उत्तीर्ण प्रतिशत 78.76 है जबकि पिछले वर्ष यह 72.35 प्रतिशत रहा।

# राम मंदिर भूमि पूजनः सुरक्षा कड़ी, अयोध्या के आसपास के जिलों में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** अयोध्या में आगामी 5 अगस्त को राम मंदिर पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं. सभी जिलों मे अलर्ट जारी कर सुरक्षा कड़ी करने को कहा गया है. खासतौर से अयोध्या के आसपास के जिलों में पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. कहीं कोई गड़बड़ी न होने पाए इसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या के आसपास के जिलों अंबेडकरनगर, गोण्डा, बहराइच, सुलतानपुर, अमेठी,



बस्ती, बाराबंकी, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर में नौ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को भेजा है. प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि भूमि पूजन के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. सभी जिलों को सतर्क रहने को कहा गया है. उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों की ओर से कोई पुख्ता सूचना नहीं है. फिर भी कहीं कोई चूक न हो और कानून-व्यवस्था संबंधी अथवा अन्य प्रकार की अप्रिय स्थिति न पैदा हो, इसलिए अयोध्या के आसपास के नौ जिलों में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है. अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, अमेठी में एडीजी अभियोजन आशुतोष पाण्डेय, गोण्डा में एडीजी यातायात अशोक कुमार सिंह, बहराइच में एडीजी पीएसी रामकुमार, सुलतानपुर में आईजी फायर विजय प्रकाश, अंबेडकरनगर में आईजी प्रतीक्षारत पीयूष मोर्डिया, बस्ती में आईजी बस्ती रेंज एके राय, बाराबंकी में आईजी भर्ती बोर्ड विजय भूषण, महाराजगंज में डीआईजी चंद्रप्रकाश द्वितीय और सिद्धार्थनगर में डीआईजी प्रशासन आरके भारद्वाज की तैनाती की गई है.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# भारतीय सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन के मातृशक्ति की ताकत मजबूत हुई : नाथू सिंह गुर्जर

## भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त कर दी बधाई

**भिंड।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देकर शतक करने के लिए प्रतिबंध है । भारतीय सेना में देवेंद्र शीर्ष पदों पर तैनात हो सकेंगी । महिला अधिकारी मोदी सरकार ने भारतीय सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन देने की स्वीकृति का पत्र जारी किया है जिससे हमारे देश की मातृशक्ति में नया संचार का उत्साह उत्पादन हुआ है और उन में खुशी की लहर दौड़ी है । पीएम मोदी के ऐतिहासिक निर्णय का भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है । भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के 10 शाखाओं मै सेक्टर सर्विस कमिशन प्राप्त महिला अधिकारियों को मिल सकेगा । उन्होंने कहा कि हमारे भारतवर्ष में योग्यता रखने वाली बहनों की कोई कमी नहीं है वह वह हर क्षेत्र में नेतृत्व करने की क्षमता रखती हैं । सेना में जब हमारी देवी स्वरूपा नारी शक्ति पहुंचेगी तो सीमाओं पर हमारे वीर जवानों की तरह देश की सीमाओं पर अपनी कमर कस कर पाकिस्तान और चीन तथा भारत पर आंख उठाने वालों



के विरुद्ध अपनी आवाज को बुलंद करती हुई संघर्ष करेंगे और अपने देश का नाम रोशन करेंगी । पीएम मोदी ने पुरुषों की तरह महिलाओं को भी बराबरी का दर्जा देकर उन्हें इन नेतृत्व करने के लिए स्थाई कमीशन की स्वीकृति कर सैन्य शक्ति को आगे बढ़ाया है । उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता से लेकर केंद्र में कई वर्षों तक कांग्रेस की सरकार है नहीं जिन्होंने माता अपने वोट बैंक की राजनीति और ना ही कोई ऐसी योजना बनाई जिससे हमारे देश की नारी शक्ति नेतृत्व करने के लिए आगे की पंक्ति में आकर अपना नाम रोशन कर सकें । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के प्रति अपनी सहानुभूति के साथ सैन्य शक्ति की ताकत को मजबूत करने के लिए महिलाओं को आगे की पंक्ति में खड़ा कर उनको सारे अधिकार सौंप दिए यह संभव भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही हो सका । भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी ने महिलाओं को 30त्न आरक्षण का प्रस्ताव कई बार लोकसभा सदन में रखा लेकिन दुर्भाग्य रहा सोनिया गांधी जी , राहुल गांधी जी कांग्रेस के नेता और अन्य विरोधी दलों ने इस बिल को पास नहीं होने दिया जिससे हमारी देश की नारी शक्ति नेतृत्व करने के लिए आगे आ सके जैसे तैसे लोकसभा में अटल जी की सरकार ने पास भी किया और राज्यसभा में हमारा बहुमत ना होने के कारण कांग्रेस की कूटनीति के चलते इसका भी सदन में विरोध किया गया । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारे भारतीय सैनिकों का मनोबल ऊंचा करने के लिए देश की सीमा पर पहुंच कर उनकी पीठ को थपथपाया और उनके उत्साह को और अधिक तेज करने के लिए उन्हें बधाई दी । कारगिल युद्ध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी नेवी हमारी सैन्य शक्ति को और हमारे वीर बहादुर जवानों के लिए देश के लिए अपने प्राणों की आहूतियां देने वाले हमारे सैन्य अधिकारी और जवानों के साथ-साथ उनके परिवार जनों को भी अपने गले लगाया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने वालों में लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में केशव सिंह भदोरिया अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट वीरेंद्र सिंह राणा संजीव कांकर कोक सिंह नरवरिया नरेंद्र पाल सिंह भदोरिया केदारनाथ वर्मा श्रीमती कृष्णकांता तोमर रवि सेन जैन पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे पूर्व विधायकों में रसाल सिंह श्रीराम जाटव मुन्ना सिंह भदोरिया चौधरी मुकेश चतुर्वेदी राकेश शुक्ला रणवीर जाटव जिला उपाध्यक्ष भारत शर्मा गुरदेव सिंह नरवरिया श्रीमती राजकुमारी जैन श्रीमती उषा नगरिया अमित दुबे शिवराज सिंह यादव लाला जिला महामंत्री सत्येंद्र सिंह भदोरिया सुंदर पाल सिंह कुशवाह माहेश्वरी जाटव जिला कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल जिला कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा प्रमुख हैं ।

# आगामी उपचुनाव में महिला मोर्चा की बड़ी भूमिका है : भदौरिया



**भिंड ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल गोरमी की कामकाजी बैठक वार्ड नं 4 निर्मल आर्य के आवास पर आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष पिंकी शर्मा विधानसभा प्रभारी संगीता कौशल जिला मंत्री सुनीता आर्य महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुधा कटारे आदि मोजूद थीं । बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया ने कहा कि आगामी उप चुनाव में महिला मोर्चा की बड़ी भूमिका है । हम सभी बहिनों को गोरमी मंडल की 64 पोलिंग बूथो पर घर घर जाकर महिलाओं को जाग्रत करना है जिससे उपचुनाव में भाजपा की मेहगांव से बड़ी जीत हो सके । बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने महिलाओं के हित के लिये कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं ।महिला मोर्चा को घर घर जाकर उनका केवल प्रचार प्रसार करना है जिससे उप चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत हो सकती है । बैठक में जिला उपाध्यक्ष पिंकी शर्मा विधानसभा प्रभारी संगीता कौशल सुनीता आर्य ने भी अपना मार्गदर्शन दिया ।

# किसान परिवार कल्याण संगठन द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर सोपा ज्ञापन



**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

क्रान्तिकारी किसान मजदूरो द्वारा संचालित किसान परिवार कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी व सम्भागीय अध्यक्ष धर्मेंद सिंह कौरव के निर्देशन में सम्भगीय सचिब रणजीत सिंह मुखिया द्वारा आज प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सोपा गया जिसमें केंद सरकार द्वारा 3 जून 2020 को जो तीन अध्यादेश लाए गए है वह पूर्णता भारतीय कृषि पध्दति कृषि एवं किसान मजदूरों के साथ साथ देश हित में नही है। इसलिये सगठन द्वारा एक साथ देश भर में सरकार को एक साथ ज्ञापन पत्र के माध्यम से बिरोध दर्ज कराकर पारित अध्यादेश जिसमे कृषि उपज वाणिज्य एवं ब्यापार अध्यादेश 2020व मूल्य आश्वासन पर समझौता कृषि सेवा अध्यादेश 2020 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम संशोधन 2020 उक्त तीनों अध्यादेश संशोधन सरकार द्वारा बापिस लिये जाएं। किसान परिवार कल्याण संगठन सचिब रणजीत सिंह जी मुखिया ने कहा कि हमारे देश की लगभग दो तिहाई आवादी कृषि पर आधारित है।यह अध्यादेश बिस्व ब्यापार संगठन के दवाव में लाये गए है यह किसानों के हित मे नही है। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के दो लाख रुपये तक का ऋण माफी योजना संचालित की गई थी बो बन्द हो गई है उसे शीघ्र ऋण माफी योजना को पूर्ण कराया जाय।भावांतर भुगतान योजना के तहत मक्का सोयाबीन पर 500 रु. देने की घोषणा जो शासनकाल में कई गई थी बह बन्द पड़ी है उसे पूरा किया जाए।किसानों को चना उत्पादन समर्थन मूल्य क्रय की गई उपज का भुकतान अभी तक नही किया गया उसे अतिशीघ्र कराया जाय। कोरोना काल मे फल सब्जी दूध उत्पादक किसानों के उत्पाद की विपड़न ब्यवस्था सुनिश्चित की जाय ।खरीव सीजन में वर्शा के अभाव में किसानों को नियमित बिजली दी जाय।जिससे किसान अपनी फसलों को बचा सके।आदि मागों को लेकर किसान परिवार कल्याण संगठन ने ज्ञापन सौंपा।

# कोविड-19 का बचाव ही मुख्य उपचार हैं: डॉ राहुल सिंह अवाना

**पाली नेनाराम सिरवी।** कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखकर राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र खंड पाली ग्राम पंचायत लांबिया के अंतर्गत चिकित्सा विभाग के अधिकारी डॉ राहुल सिंह अवाना द्वारा बताया गया कि सोशल डिस्टेंस के बारे में महत्वपूर्ण ध्यान रखा जाए/विश्वव्यापी महामारी के चलते डॉ राहुल सिंह अवाना द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के अधीन सभी आम जन सुरक्षित दौर से गुजर रहे/राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लांबिया में स्थित /डॉक्टर द्वारा बताया गया कि कोराना से डरे नहीं/सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार पालना करें और सोशल डिस्टेंस के बारे में महत्वपूर्ण ध्यान



रखा जाए/साथ में बताया गया कि बार-बार हाथ को साबुन से धोया जाए और नियमित रूप से सार्वजनिक जगह और भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क का उपयोग करें/राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के बारे में डॉक्टर द्वारा बताया गया कि भामाशाह और सरकार के महत्वपूर्ण सहयोग द्वारा बनाया गया /आज राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत सबसे सुंदर एवं स्वस्थ स्थिति में देखने को मिली/राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र ग्राम पंचायत लांबिया में स्थित ग्राम पंचायत मुख्यालय के पास स्थित/राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात कर्मी रुपाराम सिरवी द्वारा बताया गया कि उप स्वास्थ्य केंद्र के बाहर वृक्षारोपण की शुरुआत की जाएगी/जलभराव की स्थिति को देखकर स्थानीय भामाशाह और ग्राम पंचायत द्वारा जलभराव की स्थिति का समाधान किया गया/राजकीय आदर्श प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्रमैं शिक्षा विभाग के अधिकारी डॉ राहुल सिंह अवाना द्वारा बताया गया कि विश्वव्यापी महामारी के चलते आमजन को जागरूक रहना होगा/और कोराना वायरस का महत्वपूर्ण उपचार सोशल डिस्टेंस बनाए रखें।

# मंत्री डॉ भदौरिया के प्रयासों से 'चंबल प्रोग्रेस वे' निर्माण को मिली अनुमति



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल केबिनेट में प्रदान की अनुमति, स्वास्थ्य लाभ लेते हुए अस्पताल से मंत्री डॉ भदौरिया ने वर्चुअल कैबिनेट में लिया भाग

**भिंड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई देश की पहली वर्चुअल केबिनेट में सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने चिरायु अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ लेते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया । मंत्री डॉ भदौरिया क्षेत्र के विकास के लिए मंगलवार को अस्पताल से ही स्वास्थ्य लाभ लेते हुए वर्चुअल कैबिनेट में सम्मिलित हुए। कैबिनेट में आज मंत्री डॉ भदौरिया के प्रयासों से ÷चंबल एक्सप्रेस वे÷ का नाम बदल कर ÷ चंबल प्रोग्रेस वे÷ करने का निर्णय लिया गया। वहीं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत माला परियोजना अंतर्गत ÷ चंबल प्रोग्रेस वे ÷ के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। परियोजना अंतर्गत मध्य प्रदेश - राजस्थान सीमा से मुरैना होते हुए भिंड जिले तक 309 किलोमीटर की फोरलेन ग्रीन फील्ड सड़क के निर्माण का अनुमोदन प्रदान किया गया । परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा निशुल्क जमीन उपलब्ध कराई जाएगी । अर्जित की जाने वाली निजी भूमि को यथासंभव शासकीय भूमि से अदला-बदली के माध्यम से किया जाएगा।

### गोपाल चिलर सेंटर पर लहार एसडीओपी का छापा

# भारी मात्रा में मिलावटी दूध,मावा एबम अन्य सामग्री बरामद

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** मिलावट खोरों पर लगातार हो रही कार्यबाही के चलते आज फिर एक बार एस.डी.ओ.पी दिनेश सिंह बैश्य एबम थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के द्वारा लहार थाना क्षेत्र के गोपाल चिलर सेंटर पर छापेमार कार्यबाही की गई जिसमें लगभग दो कविंटल मिलावटी खोया,पांच किलो तेल,दस किलो देशी,एक प्लास्टिक की पॉलीथिन खाने का सोडा,चार बोरी दूध बनाने बाला पाउडर बरामद कर खाद्द निरीक्षक को कार्यबाही हेतु सूचना दी जिसपर कार्यबाही करते हुए खाद्द निरीक्षक भिंड की टीम ने आकर जप्त माल का सेम्पल लेकर अग्रिम कार्यबाही हेतु प्रतिबेदन बरिष्ठ अधिकारियों को भेजा। गोपाल चिलर सेंटर पर लगातार दूसरी कार्यबाही गोपाल चिलर सेंटर पर एकबार पहले भी कार्यबाही हो चुकी है जिसको लेकर चिलर सेंटर के संचालक पर एन.एस.ए की कार्यबाही कर जेल भेजने की कार्यबाही को अंजाम दिया गया था और उन्ही संचालक महोदय के चिलर पर आज फिर कार्यबाही को अंजाम दिया गया है ।



**सुनिये क्या बोले अधिकारी**

हमे सूचना मिली थी कि लहार में नकली दूध घी का कारोबार हो रहा है जिसके चलते आज छापामार कर खाद्द विभाग से सेम्पलिंग की कार्यबाही कराई गई है उचित कार्यबाही की जाएगी।

**दिनेश सिंह बैश्य**

**एस.डी.ओ.पी लहार**

# उद्धव ठाकरे के जन्मदिन पर शिव सैनिकों ने गरीबों में खाना बांटा



**जम्मू।** शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई ने पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री माननीय उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर गरीब एवं असहाय लोगों में साहेब खाने के पैकिट बांटे। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मनीश साहनी ने कहा कि शिवसेना प्रमुख उद्धव साहेब ठाकरे ने करोना संकटकाल के कारण जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है । उन्होंने शिव सैनिकों से संकट की इस घड़ी में गरीब एवं जरूरतमंदों की सेवा करने , रक्त दान करने के निर्देश दिए हैं। साहनी ने कहा कि आज अपने पक्षप्रमुख के जन्मदिन पर उन्होंने 200 गरीब लोगों में साहेब खाना बांटा है एव माता वैष्णो देवी के चरणों में देश एवं दुनिया को करोना संकट से जल्द मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की है । इस मौके पर महासचिव विकास बख्शी, सचिव राज सिंह , सहसचिव राजू सलारिया उपस्थित हुए।

# अशोक चौधरी ने चौपट बिधुत ब्यबस्था की ऊर्जामंत्री से की शिकायत,ए.ई पर गिरी गाज

## बिधुत विभाग के कर्मचारियों के ढुल मुल रबैये से लहारबासी परेशान

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** लहार क्षेत्र की हर गली हर मुहल्ले में चौपट बिधुत ब्यबस्था के चलते हाय तौबा मची हुई है और कई बार शिकायत के बाद भी बिधुत बिभाग डिवीजन ऑफिसर विकास गुप्ता के कानों में जूं तक नही रेंगती ओर ये अधिकारी अपनी लापरवाही के नशे में इतने चूर है कि कई बार शिकायत करो तो इधर उधर इससे बात करो उससे बात करो टालमटोली करते नजर आते है जबकि महोदय खुद अपने ए.सी केबन में अपने खास कमर्चारियों के साथ गप्पें लगाने में मशगूल रहते है अब ऐसे में लहार विधानसभा के नेता *अशोक चौधरी* खिरिया आलमपुर ने प्रदेश के ऊर्जामंत्री को एक शिकायती पत्र लिखा जिसके संदर्भ में आज लहार क्षेत्र के एरिया इंचार्ज बलि का बकरा बने और श्योपुर स्थानांतरित कर दिए गए पर अगर बिधुत विभाग के डीबीजन इंचार्ज अपने अधीनस्थों का सपोर्ट करते और प्राइवेट ठेकेदारों के जाल में फंसकर टालमटोली न करते तो शायद बिधुत विभाग की ब्यबस्था चौपट न होती ।

**बिलों की बसूली के नाम पर मीटर रीडरों की अबैध बसूली जारी**

लहार क्षेत्र में बिधुत विभाग में बरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लहार में मीटर रीडरों द्वारा की जा रही खुली लूट की शिकायत लहार बासियों द्वारा अशोक चौधरी जी से की गई तो उन्होंने जल्द ही ऐसे मीटर रीडर जो लक्ष्मी जी के आगे नतमस्तक होकर मनमानी रीडिंग भरकर जनता के साथ छ्लाबा कर रहे है ऐसे मीटर रीडर एबम उनके साथ लिप्त अधिकारियों पर मामला दर्ज कराकर उंन्हे सलाखों के पीछे पहुचायेंगे ओर लहार क्षेत्र की जनता के साथ हो रही लूट को रोकने का काम करेंगे ।

# कविता ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 96.1 प्रतिशत अंक लाकर रचा इतिहास

**सिकराय/दौसा( अर्पित गुप्ता)।** सिकराय तहसील में पोर्टल एजुकेशन एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिंदरवाड़ा ने विज्ञान वर्ग में मैरिट के बाद अब 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी मैरिट देकर इतिहास रच दिया। विद्यालय में कक्षा 10 में



कविता कुमारी सैनी ने 96.1। प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। विद्यालय परिवार ने बोर्ड परीक्षा में इतिहास रचने वाले विद्यार्थियों का माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक पूर्व सरपंच श्री प्रभाती लाल सैनी की ओर से सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दी। प्रबंधक श्री हरिमोहन सैनी ने बताया कि विद्यालय का परिणाम 100त्न रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि मेहनत करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लगा रहे तो लक्ष्य जरूर हासिल होता है। प्रधानाचार्य हरफूल सैनी ने बताया कि विद्यालय में 39 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं विद्यालय का परिणाम जिले में श्रेष्ठ रहा है। विद्यालय में अध्यापक एवं बच्चों का सम्मान किया गया

# उपचुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : देवेंद्र सिंह नरवरिया

## उपचुनाव की तैयारी को लेकर मेहगांव सोनी गोरमी मैं भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा है कि मध्य प्रदेश के 2। विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें आपका मेहगांव गोहद भी शामिल हैं । हम सब कार्यकर्ता अपनी अहम जिम्मेदारी के साथ प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की मजबूती के लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी जीते जिसकी जिम्मेदारी हम सब किसान मोर्चा की कार्यकर्ताओं की है । यह उद्गार उन्होंने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के मंडल बैठक में व्यक्त किए । भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र की मंडल बैठक मंडल अध्यक्ष डॉ महिपाल सिंह चौहान के निवास स्थान सोनी में आयोजित की गई जहां



मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरवरिया ने कहा कि उपचुनाव नहीं यह मेन चुनाव है और जिस में हम सब कार्यकर्ता एकजुट होकर ओ पी एस भदोरिया की ताकत को मजबूत करते हुए भोपाल पहुंचाएं और राज्यमंत्री के रूप में जो आपको सौगात मिली है जिससे वे जनता के विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर काम कर सके । भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया ने कहा कहा कि भाजपा एक वट वृक्ष के समान है जिसकी पत्तियां के रूप में संगठनात्मक मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं , उनमें किसान मोर्चा भी अभिन्न अंग हैं । उपचुनाव में जिस कार्यकर्ता को पोलिंग बूथों तक की जिम्मेदारी मिले वे ईमानदारी संघर्ष परिश्रम पराकाष्ठा कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह कर मेहगांव विधानसभा किसे राज्य मंत्री के रूप में ओपीएस भदोरिया को जिता कर उन्हें भोपाल पहुंचाएं जिससे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मजबूती के साथ मेहगांव छेत्र के विकास को आगे बढ़ा सकें । भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मेहगांव विधानसभा के उप चुनाव प्रभारी रघुवीर सिंह पवैया ने मेहगांव सोनी गोरमी की मंडल बैठकों में उप चुनाव की तैयारियों को लेकर किसान मोर्चा की संगठनात्मक विषय पर बोलते हुए कहा कि उपचुनाव में किसान मोर्चा की अहम भूमिका होने वाली है । बूथ स्तर पर संगठनात्मक शक्ति के साथ सभी कार्य कार्यकर्ता चुनाव भी प्रबंधन की मजबूती के लिए काम करें और केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किसान हितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है । यह हमारा लक्ष्य है जब हम अपने दावों का पूर्ण रुप से पालन करेंगे तो निश्चित ही भाजपा मेहगांव के 218 मतदान केंद्रों पर जीत हासिल कर मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में एक नई मिसाल बन कर उभरेंगे , साथ ही 15 माह से कमलनाथ की पूर्व कांग्रेस सरकार ने झूठ की मंडली बनाकर अपने मंत्रियों से किसानों को लूटा और उनके साथ छ्लावा किया ।

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने की योजना की समीक्षा

# अमृत योजना में 60 प्रतिशत से कम प्रोग्रेस के प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट दें

**भोपाल।** अमृत योजना में जबलपुर, ग्वालियर सहित अन्य नगरीय निकायों में, जहाँ प्रोजेक्ट में 60 प्रतिशत से कम प्रोग्रेस है, उसकी विस्तृत रिपोर्ट 7 दिन में दें। अगले सप्ताह उसकी फिर समीक्षा की जायेगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश अमृत योजना (अटल मिशन फॉर रिज्युविनेशन एंड अर्बन ट्राँसफार्मेशन) के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री सिंह ने कहा कि तारीख सहित जानकारी दें कि कौन सा प्रोजेक्ट कब पूरा होगा। उन्होंने कहा कि संचालनालय स्तर पर हर प्रोजेक्ट की सतत मॉनीटरिंग होनी चाहिए। संचालनालय स्तर पर कोई प्रस्ताव लंबित नहीं रहे। श्री सिंह ने अमृत योजना में 34 शहरों में चल रहे विभिन्न कार्यों की अलग-अलग समीक्षा की। अमृत योजना में जल प्रदाय, सीवेज, वर्षा जल निकासी, हरित क्षेत्र एवं पार्क



विकास और शहरी परिवहन के कार्य करवाये जा रहे हैं। योजना में जून माह तक 199 परियोजनाएँ स्वीकृत की गयी हैं। इनमें से 99 पूरी हो चुकी हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शहर के अंदर प्रदूषण मुक्त ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि अब आगे इंटर सिटी बसें नहीं बढ़ायी जायें, शहर के अंदर ही बसें योजनाबद्ध तरीके से चलायें, जिससे नागरिकों को सुविधाजनक ढंग से परिवहन की सुविधा उपलब्ध हो। बैठक में बताया गया कि भोपाल में 400, इंदौर में 400, जबलपुर में 200 और ग्वालियर में 80 बसें, इस तरह से कुल 1080 और बसों का संचालन किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्व-निधि) योजना में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन को दिये। उन्होंने कहा कि योजना में अभी हम देश में नंबर एक पर हैं और इसे आगे भी बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को जल्द 10 हजार का लोन दिलाया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद्य मंत्री सिंह ने लगभग 4 करोड़ के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया




**भोपाल।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह ने आज अनूपपुर में लगभग 4 करोड़ रूपये की लागत से नल-जल योजना एवं गौ-शालाओं एवं अन्य विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने ग्राम छोहरी में एक करोड़ 46 लाख 12 हजार रूपये एवं ग्राम धनगवाँ में एक करोड़ 27 लाख रूपये लागत की आवर्धन नल-जल योजना का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा हो जाने से गाँव की पेयजल समस्या का निदान होगा। उन्होंने कहा कि अब गर्मियों में भी महिलाओं को पेयजल के लिये दूर नहीं जाना पड़ेगा। मंत्री श्री सिंह ने ग्राम बदरा एवं ग्राम पयारी क्रमांक एक में 38-38 लाख रूपये लागत की दो गौ-शालाओं का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इन गौ शालाओं के निर्माण से सड़कों पर निराश्रित घुमने वाली गायों को एक सुरक्षित स्थान पर रखा जा सकेगा। गाय हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है। गौशालाओं के निर्माण से गायों का संरक्षण हो सकेगा वहीं सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को भी कम किया जा सकेगा। खाद्य मंत्री ने विधायक निधि से बैगान मोहल्ले में निर्मित सार्वजनिक पंडाल का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस पंडाल से सार्वजनिक समरोह के आयोजन के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।

## जलभराव की समस्या का समाधान ग्राम पंचायत द्वारा किया गया



**पाली नेनाराम सिरवी**/पाली पंचायत समिति के ग्राम पंचायत वडेर वास के ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय के आसपास गंदे जलभराव की समस्या का समाधान किया गया/आज ग्राम पंचायत द्वारा जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर द्वारा जलभराव की वास्तविक जगह पर मिटटी डलवा कर जलभराव की समस्या का समाधान किया/ग्राम पंचायत सरपंच लीला देवी सिरवी एवं ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी ग्राम पंचायत उप सरपंच गणेश राम सिरवी एवं ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल सिरवी की उपस्थिति में आज जलभराव की समस्या का समाधान किया गया/जिसमें ग्रामीण मांगीलाल सिरवी कालूराम सिरवी बरकत खान थानाराम खारवाल सहित सभी नागरिकों ने आज ग्राम पंचायत का आभार जताया/आगामी समय के लिए ग्राम पंचायत के उपसरपंच गणेशराम सिरवी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के अधीन सभी सहायक गांवों में जलभराव की समस्या का समाधान किया जाएगा/ग्राम पंचायत वडेर वास के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल सिरवी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायत द्वारा विकास के कार्यों में नाली निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के अधीन शौचालय जलभराव की समस्या का समाधान और ग्राम पंचायत के चारदीवारी का कार्य इसी माह में पूरा किया जाएगा/ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा बताया गया कि विकास के कार्यों में और तेजी से कार्य किया जाएगा/आज जलभराव की समस्या का समाधान आंगनवाड़ी केंद्र मुख्य पेयजल उप स्वास्थ्य केंद्र एवं मांगीलाल सिरवी के बेरा तक जलभराव की समस्या का समाधान किया गया/ग्राम पंचायत के अंतर्गत सभी राजस्व गांवों में गंदे जल भरा का निरीक्षण करके तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाएगा/नाली निर्माण का कार्य ग्राम पंचायत वडेर वास के मुख्य रोड पर शुरू करवाया गया/जो ग्रामीणों को काफी बार इस समस्या से छुटकारा मिला पिछले काफी समय से ग्रामीण नाली निर्माण के कार्यों से संतुष्ट नहीं होने से ग्रामीणों ने भारी नाराजगी जताई थी/लेकिन सफल ग्राम पंचायत का सफल नेतृत्व के अनुसार ग्रामीणों की हर जन समस्या का समाधान करने के लिए ग्राम पंचायत हर समय आमजन के हित में खड़ी रहेगी/ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा कोविड-19 के चलते बताया गया कि हमें और जागरूक रहना होगा और ग्राम पंचायत के अधीन सभी प्रशासनिक अधिकारी दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं/मनरेगा कार्य स्थल पर प्रतिदिन चिकित्सा विभाग के अधिकारी एएनएम द्वारा श्रमिकों को प्रतिदिन सोशल डिस्टेंस एवं कोविड-19 को रोकने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे हैं/सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार जनता का पूर्व के समय में सहयोग मिला इसी प्रकार और सहयोग मिला तो भारत विश्व की महामारी में विजय प्राप्त करेगा/ग्राम पंचायत द्वारा किए गए जलभराव की समस्या का समाधान के लिए ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के संपूर्ण जनप्रतिनिधियों का आभार जताया

## राज्यपाल के सचिव दुबे को दी भावभीनी विदाई

**भोपाल।** राज्यपाल के सचिव श्री मनोहर दुबे को राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री दुबे ने सभी सहयोगी अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उनको मिले सहयोग के प्रति आभार ज्ञापित किया। राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा श्री दुबे के नेतृत्व क्षमता की सराहना की गई। उनके सुदीर्घ, स्वस्थ और आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्री दुबे को राजभवन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विधि अधिकारी श्री डी.पी.एस. गौर, राज्यपाल के परिसहाय श्री अखिल पटेल, कंट्रोलर सुरभि तिवारी अन्य अधिकारी और सचिव के सहायक कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## नगर का मुख्य मार्ग बना गाड़ी स्टैंड,रोजाना लग रहा जाम

### बीते माह पहले व्यापारियो ने पुलिस को दिया था शिकायती आवेदन

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** नगर दबोह के मुख्य मार्ग कोंच रोड पर इन दिनों गाड़ियों का बाजार देखने को आसानी से मिल सकता है क्यों कि यहां रोजाना सैंकड़ो छोटी बड़ी गाड़ियां खड़ी होने का स्टैंड जो बना दिया गया है।विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि नगर के मुख्य मार्ग कोंच रोड पर जाम की स्तिथि खत्म करने के लिए 50-60 फिट चौड़ी सड़क का तो निर्माण करा दिया गया है परंतु लोगो को जाम की स्तिथि से निजात अब तक नही मिल पाई है क्यों कि सड़क के दोनों तरफ़ सुबह होते ही सैंकड़ो की संख्या में दर्जनों चारपहिया छोटे बड़े वाहन लगा दिए जाते हैं जिन्हें आवागमन अवरुद्ध होता है और उसके बाद जाम की स्तिथि पैदा हो जाती है साथ



ही वाहनों का दुकानों के सामने खड़ा होना भी दुकानदारो के लिए मुसीबत बना हुआ है क्योंकि सुबह होते ही यह लोग अपने अपने वाहन दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं जिसकी वजह से व्यापारियों को व्यापार में परेशानी उतपन्न हो रही है।जिसके चलते आये दिन वाहन मालिकों के दुकानदारो से झगड़े होते रहते हैं साथ ही कोंच रोड स्तिथ दुकानदारों ने इस पर आपत्ति जताई है।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते माह पहले दुकानदारों ने थाना प्रभारी दबोह को एक लिखित आवेदन देकर इस समस्या से निजात मांगी थी जिसके बाद मौके पर पहुँचकर दबोह उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान व नप अमले ने वाहन मालिकों को कड़ी हिदायत देते हुए वाहन यहां न लगाने की चेतावनी भी दी थी परन्तु अब यह वाहन मालिक पुलिस प्रशासन व नगरीय प्रशासन को अंगूठा दिखाते हुए पुनः उसी जगह वाहन खड़े करने लगे है जिससे साद स्पष्ट होता है कि इनके हौशले काफी बुलन्द हैं।परन्तु अगर पुलिस प्रशासन व नगरीय प्रशासन को इन पर शिंकजा कसना है तो वाहनों पर चालानी या फिर इन्हें जप्त कर थाने में रखने की कार्यवाही करनी होगी तो ही इस समस्या से निजात पाई जा सकती है।व्यापारियों ने कहा कि अगर इस समस्या से नगरीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन निजात नही दिला पाया तो जल्द ही इस समस्या के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती ज्ञापन सौपा जाएगा।

## ईएनसी शिवपुरी जाकर जल आपूर्ति परियोजना का परीक्षण करेंगे

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के ईएनसी को निर्देशित किया है कि वे शिवपुरी जाकर जल आपूर्ति परियोजना सहित अन्य विकास कार्यों का परीक्षण करें। तकनीकी शिक्षा और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री से भेंट कर



शिवपुरी नगर पालिका के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने शिवपुरी की पेयजल योजना स्ट्रीट लाइट, बस स्टैण्ड और प्रधानमंत्री आवास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा स्थापित करने के संबंध में भी बात की। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने अधिकारियों को सभी विषयों पर जल्द कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रिटेन में फसे मध्यप्रदेश प्रवासियों की मदद के लिए आगे आये एफओएमपी और एएफबीडी ग्रुप

**भोपाल।** कोरोना काल के दौरान ब्रिटेन मे फसे मध्यप्रदेश निवासियों को फ्रेंड्स ऑफ़ मध्यप्रदेश (एफ.ओ.एम.पी.) यूके चैप्टर और



एयरकनेक्टिविटी फॉर भोपाल डेवलपमेंट ग्रुप (एएफबीडी) द्वारा हर संभव मदद मुहैया करवाई जा रही है। इस मुहिम की शुरुआत अप्रैल माह में की गयी, जिसका उद्देश्य ब्रिटेन में फसे तमाम ज़रूरतमंद भारतीयों को सुरक्षित मध्यप्रदेश पहुँचाने में मदद की, जो इस महामारी के चलते अपने देश नहीं लौट पा रहे थे।

## हर जिले में औषधीय पौधरोपण कर हर्बल गार्डन विकसित करें

### आयुष राज्यमंत्री कावरे ने वीसी के जरिये बालाघाट से की विभागीय समीक्षा

**भोपाल।** आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर कावरे ने निर्देश दिये हैं कि हर जिले में औषधीय पौधरोपण कर हर्बल गार्डन विकसित किया जाये, जिससे हर्बल गार्डन विकसित करने में मध्यप्रदेश का नाम देश में रोशन हो। श्री कावरे ने कहा कि वे स्वयं किसानों को फलदार पौधों की तरह औषधीय पौधे लगाने के लिये भी प्रोत्साहित करेंगे। राज्यमंत्री श्री कावरे बुधवार को बालाघाट से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयुष विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मंत्रालय में आयुष सचिव-सह-आयुक्त श्री एम.के. अग्रवाल और सभी जिले एवं संभाग से आयुष अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े थे। राज्यमंत्री श्री कावरे ने कहा कि चिन्हित 362 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स को व्यवस्थित एवं आदर्श बनाया जाये। प्रदेश में अगले पाँच साल में 850 सेन्टर को चरणबद्ध तैयार किया जाना है। इसके लिये ग्राम पंचायतों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भवन मरम्मत आदि के कार्य करवाये। उन्होंने बताया कि योग प्रशिक्षक की व्यवस्था मानदेय के आधार पर की जायेगी। श्री कावरे ने निर्देश दिये कि नवीन आयुष ग्राम समय-सीमा में प्रारंभ किये जाये। स्थापित आयुष ग्राम में कोई भी कोविड पेसेन्ट नहीं निकलने पर उन्होंने टीम को बधाई दी साथ ही उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वालों को सम्मानित किया जायेगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की सुनिश्चित की जायेगी।

## निगरानी बदमाश कर रहा था शराब तस्करी, पुलिस ने दबोचा

**भोपाल।** राजधानी की गुनगा पुलिस ने निगरानीशुदा को शराब तस्करी करते हुए रंगे हाथो दबोचा है। पुलिस ने बताया कि बीते दिन गुनगा पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिली कि कटीघाटी हलाली डेम से एक यूवक अवैध रुप से शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर सुरागशी की जिसमे उसे हलाली डेम मे पानी के रास्ते रायसेन की तरफ से एक नाव टार्च की रोशनी मे आती नजर आई। इस नाव मे एक व्यक्ति ने नाव से सात पेटी शराब की उतारकर झाडियो के पास रखी। इसी दौरान पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। जिसकी पहचान मुनीम दांगी पिता भैय्यालाल दांगी उम्र 35 साल निवासी ग्राम सेमरीकलां के रुप मे हुई, जो थाना गुनगा का निगरानीशुदा बदमाश है।

## शौचालय के नाम पर सरपंच ने लिये लाखो डकार,आखिर कहां सो रही सरकार..?

### ग्राम पंचायत विजपुर में सरपंच व सचिव ने शौचालय निर्माण में किया लाखों का भ्रष्टाचार

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** एक ओर शासन द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा देकर भारत को साफ सुधरा व स्वस्थ बनाने के लिए शासन द्वारा ग्रामीण इलाकों में ग्राम पंचायत में गरीब लोगो के लिये अनेक योजनाए चलाई जा रही हैं और शासन की मनसा है कि ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे प्रत्येक व्यक्ति को शासकीय योजना का लाभ मिले लेकिन ग्राम पंचायत विजपुर के सरपंच व सचिव दबंगाई के आगे ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है क्योंकि वह अपनी ही जेबे भरने में मग्न है।मामला भिंड जिले के अन्तिम छोर पर बसे दबोह से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत विजपुर का है जहां पर शौचालय निर्माण में दबंग सरपंच व सचिव की मिलीभगत से शासन को आइना दिखाते हुए लाखो रुपये का



घोटाला किया गया।जिसकी शिकायत गरीब हितग्राहियों ने 181 व अन्य बरिष्ट अधिकारीयो से कई बार की लेकिन आज तक कोई कारवाही नही हुई।ग्राम पंचायत विजपुर में सरपंच व सचिव ने मिलकर गरीव हितग्राहियों के शौचालय निर्माण की राशि निकाल कर डकार गये और शौंचालय का निर्माण नही कराया।पंचायत में 70त्र शौचालय ऐसे हैं कि जिनकी करीब दो बर्ष पहले सिर्फ कोठी बनाई गई है लेकिन गड्डा अभी तक नही बना जिनका गड्डा बना उनकी कोठी नही बनी है और शौचालय आज भी अधूरे पड़े हैं।आधे अधूरे पड़े शौचालय का भुगतान सरपंच-सचिव के द्वारा अपने खाते में कराकर पूरी राशि डकार ली गई।इंसानियत की हद तो तब हुई जब सरपंच सचिब ने गांव में रहने बाली गरीब महिला जो कि आँखों से अंधी है और उसकी एक लड़की दोनों पैरों से अपाहिज है जिसका शौचालय आज तक सरपँच सचिव ने नही बनवाया और सारे पैसों ला बंदरबांट कर लिया।वही वृद्ध व्यक्ति ने बताया कि वह हमेशा बीमार रहते व परिवार कोई सदस्य उनके साथ नही रहता वह अकेले रहते व चलने फिरने में असमर्थ है उनका भी शौचालय अधूरा पड़ा है वो अपने घर मे ही शौच करते हैं और अधूरे पड़े शौचालयो के हितग्राहियों की भी शिकायत है कि ग्राम पंचायत में चारो तरफ दलदल मचा है शौच के लिये बाहर जंगल मे जाना पड़ता हैं।जिससे ग्रामीणो के लिये यह बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है।यहां बताना मुनासिब होगा कि सरपंच अपना निबास गांव से 40 किलोमीटर दूर लहार बनाये हैं और वहीं निवास करती हैं वही से अधिकारियों से देन लेन करके वही बैठकर उनका लड़का सरपंची करता है उन्हें गाव की समस्या से कोई मतलब नही रहता है सरपंच तो अपनी कमाई में मस्त हैं।वहीं अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्यायो का निबारण का समय नही क्योंकि वह सरपँच व सचिव द्वारा उनकी सेबा जो कर दी जाती है।असल मे सवाल यह उठता है कि आखिर भारत को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार तो कई वादे कर रही हैं परंतु उनके नुमाइंदे सरकार को ही आईना दिखाकर अपनी जेब पूर्ति करने में लगे हैं।

# राजनीतिक लाभ के लिए जनहित और देशहित को भूलकर थाली बजाओ



ये राजनीतिक लोग ऐसे क्यों होते जा रहे हैं वो भी ज्यादातर सत्ताधारी पार्टियों के!अपनी ही पार्टी और नेताओं की सच्चाई जनता मे जगजाहिर कर पार्टी को नुकसान पहुंचाने लगे हैं।अपने पार्टी हित मे तो देश हित को भूल जाना चाहिए !जिससे उनकी पार्टी देश को दिमक की तरह चाट चाट कर तबाह करता रहे।सीमा पर जवान पनियाली दाल व जली रोटी खाकर खडे हो या न हों पर बेजोजगारों की फौज मैनेजमेंट,इंजीनियरिग, मास्टर,नेट,जेआरएफ,पीएचडी की डिग्री लेकर जरूर खडा हो।देश के हर कोने मे चाहे घर हो या कॉलेजे बहु बेटियां सुरक्षित हो या न हो पर सत्ता सुरक्षित करने के हर उपाय अवश्य करेंगे,इसके लिए विधायक सांसद ही नही पूरी पार्टी ही खरीद लेंगे।अगर कोई पार्टी बिकने को तैयार नही होगी तो सीबीआई,आइबी,परर्वतन निर्देशालय,आयकर विभाग को लगायेंगे।वैसे भी ये विभाग अपना काम कायदे से तो कर नहीं पाते न जाने किस दबाव में सिर्फ जी हजुरी के सिवा।देश मे हर रोज किसान आत्म हत्या करता रहे पर कर्ज माफी निजी कंपनियों के होंगे,होना भी चाहिए क्योंकि इनके ही पैसों से तो इवीएम मे छेडछाड करने के लिए अमेरिका व जपान से आईटी पेशेवर को लाना पडता है साथ ही लाखों के सुटों के सिलाई भी तो करानी पडती है हर सभा के लिए अलग अलग।जैसा आरोप एक पार्टी दूसरे पार्टी पर हमेशा लगाते रहते हैं,उससे ही हमें मालूम चला है।अपनी पार्टी की आलोचना करने से पहले नेताओं को सोचना चाहिए पार्टी को जिताने के लिए शीर्ष नेता कितना झुठ बोलते हैं,विदेश से काला धन लाते हैं,फिर पंद्रह-पंद्रह लाख हर जनता के बैंक खाते मे डालने का सपना दिखाते हैं।जो गरीब बेचारे मनरेगा मे काम कर परेशान थे उन्हे आराम भी तो काम छीनकर इसी पार्टी ने किया। देशवासियों के थाली में सस्ती दाल और सब्जी पहुंचे या नहीं पूंजी पतियों के कब्जे में कौड़ी के भाव राष्ट्रीय कंपनियां और परिसंपत्तियों को पहुंचाने का काम धड़ल्ले से जारी है यह क्या कम है।कल तक गरीब छात्र एक साल मे ही बीएड कर कितने विद्वान पैदा कर रहे थे पर अब दो साल का बीएड कर उनके पॉकेट से खर्च व समय दोनों बढा कर देश का कल्याण कर रहे हैं पर आप लोग आलोचना करना शुरू कर दिये।पेट्रॉल,डीजल,रसोई गैस,किरासन तेल की कीमत बढा कर रोज जनता को मानसिक परेशानियों से बचा रहे हैं।कहीं ज्यादा बचत कर लिये तो आयकर विभाग के चक्कर मे न पड जायें और कितना चिंता करे ये सरकार।चीन,पाकिस्तान तो छोडिये रूस भूटान चीन श्रीलंका म्यांमार बांग्लादेश जैसे पड़ोसी मुल्कों को भी रूसा दिये अमेरिकी निवेश लाने के लिए।स्वदेशी के लिए पतंजली के प्रचार करते करते विदशी निवेश के लिए हर सप्ताह उडनखटोले के हिचकोले खाने के लिए मजबुर है,आप हैं कि आलोचना कर नेता के साथ उनके चापलुस भक्तों को भी सच्चाई के आईने दिखाने लगते हैं।आने वाले विधान सभा चुनाव के महत्व को समझना चाहिए।हो सकता है आपके बात सही हों पर समय का चुनाव पार्टी हित मे बिलकुल नही है भले ही वो देशहित मे पूर्णतः सही हो।वैसे आपको ज्यादा चिंता करने की जरूरत नही है जब आपकी पार्टी राष्ट पिता महात्मा गॉधी से देश को छुटकारा दिला सकती है तो आप किस खेत के मूली हैं।आपकी उम्र भी तो अब हो चली है।आप कैसे बोल सकते हैं जब आपकी पार्टी की सरकार शौचालय उपयोग करने वालों से भी जीएसटी वसुल कर पार्टी विकास के लिए कार्य कर रही है।जानवरों की रक्षा इंसानो की कीमत पर करने वाले लोगों को आप अर्थव्यवस्था डूबोने के जिम्मेवार कैसे मान सकते हैं।जो लोग राष्ट्रवाद बढाने के लिए विश्वविद्यालयों मे टैंक खडा कराने की जोखिम ही नही अपनी सुरक्षा की मांग कर रही बेटियों की हाथ पैंर तुडवाने से पीछे नही हटते रहे हैं।रोज रेल दुर्घटनाओं की चिंता किये बगैर वोट की चिंता करते हुये बुलेट ट्रेन की सपना बेंचते रहे हैं।देश की सुरक्षा खातिर ललित मोदी व विजय माल्या जैसे महान हस्तियों को सुरक्षित विदेश मे भेजते रहे हैं।पार्टी को कोई ठेस नही पहुंचे इस लिए टेलीविजन चैनल व अखबार को आपकी पार्टी खरीद रही है,फिर भी अगर कोई आपकी पार्टी की आलोचना करता है तो उसके मुंह बंद करने के लिए हर उद्धम करती है।जो भी विपक्षी नेता आपकी पार्टी के नीतियों का विरोध करता है उसे पिछले सत्तर साल की दुहाई देकर भ्रष्ट व गैर राष्ट्रवादी घोषित कर देती है।फिर भी न माने तो शोसल मीडिया पर गाली देने के लिए टीम लगा देती है,अंतिम हथियार तो सीबीआई जैसे पिंजड़े वाली सरकारी एजेंसियां हैं ही।आपकी आलोचना सही नही हो सकती क्योंकि आप झारखंड व बिहार जैसे पिछडे राज्यों से हैं गुजरात महाराष्ट्र से नही।कोरोना संक्रमण,प्रलयंकारी बाढ़, बढ़ती बेरोजगारी, रोजगार के लिए पलायन,डूबती अर्थव्यवस्था,शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के गिरते स्तर से लड़ने में कामयाब हो या न हो विपक्षी दलों से लड़ाई में हमेशा बीस साबित हो रही।फिर भी पार्टी के क्षमता पर सवाल उठाना कहीं से वाजिब नहीं ! इसलिए राजनीतिक लाभ के लिए जनहित और देशहित भूल जाओ पार्टी हित में थाली बजाओ।गुस्ताखी माफ राजनीति साफ! जय हिन्द!

**गोपेन्द्र कु.सिन्हा गौतम**
**सामाजिक और राजनीतिक चिंतक**
**औरंगाबाद बिहार**

## भाई बहन



ये बहने भी न बड़ी पागल होती है,
जान छिड़कती है अपने भाई पर,
देती है लाड़ प्यार ममता और दुलार,
बन जाती है माँ जैसी,
निभाती है माँ का किरदार।
ये बहने भी ना.......

छोटी छोटी बातों पर लड़ती है खूब,
मगर अपने भाई को रखती है महफूज,
शिकायत करते है एक दूसरे की खूब,
फिर बचा भी लेती है माँ बाप की डांट फटकार से।
ये बहने भी ना...

भाई बहन का इस जगत मे रिश्ता ही बडा प्यारा है,
बचपन की यादों का रंग बड़ा ही न्यारा है,
विदा होकर जाती है जब बहने घर से,
तब भाई छुप छुप कर अकेले मे रोता है।
ये बहने भी ना....

भाई दूज हो या रक्षाबंधन ये त्यौहार भी प्रतीक है उनके अटूट बंधन का,
दोनों को रहता है इंतजार एक दूसरे का,
राखी और टीका भाई की पहचान,
बहनों में बसती है अपने भाई की जान।
ये बहने भी ना....

**बावली की कलम से**
**स्वरचित**
**प्रियंका पवन खंताल (बावली)**
**झांसी उप्र**

## चल झूठी !

एहसास को दर्द की पैमाना बताती हो
और तुम प्यास को मयखाना बताती हो

सोच कर रात भर मुझे बदलती रही करवटें ।
जेहन में मेरी यादों की बनती रही सिलवटें ।।



और तुम प्यास को मयखाना बताती हो
एहसास को दर्द की पैमाना बताती हो

बारिशों के सैलाब में
सिकुड़ कर बह गए जज्बात ।
धुल गए मिट गए गुम गए हर मुलाकात ।।

इस तड़पन को बिछड़ जाना बताती हो
और तुम प्यास को पैमाना बताती हो

चल झूठी !
एहसास हो दर्द की पैमाना बताती हो ।

**स्वरचित एवं मौलिक**
**मनोजवम**
**सुदर्शन पार्क मोती नगर**
**नई दिल्ली**

## रक्षाबंधन



त्यौहार एक पवित्रता का
जिसमें विश्वास अटूट,शक्ति अपार

त्यौहार एक सहिष्णुता का
जिसमें प्यार अटूट ,सदभावना अपार

त्यौहार एक मेल मिलाप का
जिसमें महत्व नहीं रखती दूरियां

त्यौहार एक सहजता का
जिसमें रेशम के धागे में भावनाओं का बल

त्यौहार एक शांति का
जिसमें रूह से जुड़ता है संबंध

त्यौहार एक खुशी का
जिसमें नम आंखें भी मुस्कुराती हैं

त्यौहार एक रक्षा के वचन का
जिसमें जान तक कुर्बान की जाती है।

शब्द नहीं बयां कर सकते महत्त्व इस त्यौहार का
रक्षाबंधन प्रतीक है भाई बहन के प्यार का।



**शारदा बरसैया**
**मनेन्द्रगढ़ छग**

## शीर्षक- रावण सबसे पूछ रहा है

बचपन से देखा है हर साल रावण को जलाते हुये,
सभी को बुराई पर अच्छाई की जीत बताते हुये।
उस लंकेश को तो मर्यादा पुरुषोत्तम ने मारा था,
प्रभु श्रीराम ने उसकी अच्छाईयों को भी जाना था।
सभी इकट्ठे होते है रावण को जलाने के लिए,
दुनिया से पूरी तरह बुराईयो को मिटाने के लिए।
आज रावण खुद पूरी भीड़ से यह कह रहा है,
तुम मे से कौन श्रीराम जैसा है यह पूछ रहा है?
क्या तुम अपने अन्दर की बुराइयो को मिटा पाये हो ?
क्या तुम सब तनिक भी खुद को श्रीराम सा बना पाये हो?
यदि उत्तर नही है तो क्यो मुझे बुरा मानकर आते हो?
तुम खुद भी हो बुरे तो क्यो मुझे हर साल जलाते हो ?



**रचनाकार-**
**अभिषेक शुक्ला %सीतापुर%**
**समाजसेवी,विचारक,साहित्य साधक**
**सीतापुर,उत्तर प्रदेश**

## राखी देख याद आती है



बहन-भाई के प्यार को,
राखी बयां कर जाती है।
रक्षा बंधन पर दूर बैठी,बहन को भाई की सूनी कलाई नजर आती है।
भाई की आंखें भी बहन की,
राखी के इंतजार में टकटकी लगाये, दरवाजे पर नजर आती है।
राखी रखते वक्त बहन की,
और बांधते वक्त भाई की,
आंखें नम हो जाती हैं।
भाई सोचता है,
जब बहन पास थी,
तो रक्षा बंधन का इंतजार,
इतना नहीं होता था।
पर जब आज बहन दूर है
तो उसकी राखी कितनी
कीमती हो जाती है।
भाई-बहन को एक-दूजे की,
राखी देख याद आती है।

**अंकिता जैन(अवनी)**
**लेखिका/कवयित्री**
**अशोकनगर मप्र**

## बेईमानी की डगर मैं चल नहीं पाया

लाभ के लिए किसी को छल नहीं पाया
लोभ-मोह की आग में मैं जल नहीं पाया
दुनिया बनी अमीर, मैं गरीब हूं क्योंकि
बेईमानी की डगर मैं चल नहीं पाया



खुद को न डाला कभी ईर्ष्या की अगन में
स्वार्थ के भावों को कभी लाया न मन में
नीयत सदा ही साफ थी, बदल नहीं पाया
बेईमानी की डगर मैं चल नहीं पाया

मन में गुनाहों के कभी भी भाव न जागे
प्रभाव कुछ चला नहीं मानवता के आगे
इंसानियत के भाव से निकल नहीं पाया
बेईमानी की डगर मैं चल नहीं पाया

जो गलत है उसकी तो भगवान न सुने
सोचकर यही गलत न रास्ते चुने
जो है गलत वो गिर के फिर संभल नहीं पाया
बेईमानी की डगर मैं चल नहीं पाया

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**

## सब आँखों के सपने, नम आँखों के सपने।

है चिरकाल से बने, मेरे साथी अपने ।
जग व्यथा का भार संभालूँ
या निज जीवन में उपकार बढ़ाऊँ
समूची संस्कृति का,
एक अकेला नायक बन जाऊँ।
या समष्टि को ही नायक बना डालूँ।



तेरे-मेरे,इसके-उसके उपकारों से,
जग कल्याण क्या होगा !
रे मानव को नव माँ
सिखलायेगी,
भूधर-से अचल स्वप्न को
पिघलायेगी।
मिट चुके सब आँखों के सपने
जो !
नम आँखों की नीरव व्यथा के
सपने,
उभर चक्षु में आते हैं, वो है मेरे अपने।

किस-किस को मैं राग सुनाऊँ
किस-किस का मैं विराग बताऊँ।
हो जाने दो स्वयंभू प्रकट मुझमें
सारा हलाहल निज गले चढ़ाऊँ।


क्षीण व्यथा के पथ पर
जग-जीवन को कटने दो।
मैं आया जगती में आशीष ले,
दो शुभाशीष और मिटने दो !

करुणा का प्रसार हृदय शुद्धि का साधन
लो! अधिकार नहीं ! पर,
मैं ठहरा जगती का धन।
बिखर गए आँखों के सपने
भौतिक समृद्धि के ताप से
कर जाऊँगा नष्ट त्रिविध ताप को,
एक स्वप्न फिर जगेगा मैं कहता आपसे।

**शीर्षक - ज्ञानीचोर का सपना**
**विधा- कविता**
**संक्षिप्त परिचय- ज्ञानीचोर**
**शोधार्थी व कवि साहित्यकार**
**मु.पो. रघुनाथगढ़,सीकर राजस्थान**
**मो. 9001321438**

# बॉलीवुड में नेपोटिज़्म नई प्रतिभाओं के लिए बेहद ख़तरनाक

सुशांत सिंह राजपूत की मौत हुए लगभग एक महीने से अधिक हो गया भाई भतीजावाद के खिलाफ कई बॉलीवुड हस्तिया खुलकर सामने भी आई और आना भी लाजिमी है। ये शुरुआत बहुत समय पहले हो जानी चाहिए थी लेकिन इस जंग को खत्म करने के लिए इतना कुछ काफ़ी नहीं है। सिनेमा जगत ऐसा घिनोना उद्योग बन गया है जिसमें नई प्रतिभाओं को प्रवेश करने से पहले ही दबोच लिया जाता है। कई सितारों ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए अपने साथ घटी कुछ घटनाओ का भी जिक्र किया है। बॉलीवुड में बाहर वालों को कम आँका जाता है जबकी स्टारकिड्स को अनेक मौके मिल जाते है अगर इनकी फिल्मे फ्लॉफ भी होती है तो उन्हें और कहीं अनेक मौके मिलने की गुंजाईश रहती है लेकिन ऐसा मुंबई के बाहर से आये लोगों के साथ नहीं होता उनका मनोबल गिराया जाता है। जो की सिनेमा जगत की पुरानी परम्परा रही है, अब वो बॉलीवुड नहीं रहा जिसमें सत्यजीत राय, दादा साहब फाल्के बासु चटरजी, सरिखे लोग रहते थे, क्योंकि अब कपूर खानदान, चोपड़ा,भट्ट, भंसाली,खान परिवार ये लोग रहते है जो ये समझते है की बॉलीवुड तो हमारी बदौलत ही चलता है। करण जोहर को तो कभी कभी ऐसा भी लगने लगता है की वो ही पुरी फ़िल्म इंडस्ट्री को कंट्रोल करता है। ये लोग जिसको चाहे उसको अवार्ड दिलवा देते है क्योंकि चाटुकारिता तो इनके रग रग में बसी है इसी का एक जीता जागता उदाहरण ये है की गुल्ली बॉय जैसी थर्ड क्लास पिक्चर को अठारह अवार्ड मिल जाते है और सुशांत सिंह राजपूत अभिनीत और धोनी पर बनी बायोपिक फ़िल्म एम एस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी को एक भी अवार्ड नहीं मिलता है तो हर किसी के दिल में ये सवाल चुबते है। की ऐसा क्यों होता है ऐसा इन बीके हुवे लोगों की वजह से होता है जो नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित नहीं करते और इन लोगों निचा दिखाते है इनके तरह तरह के नाम निकालते है। नब्बे के दशक की फ़िल्म बॉबी में ऋषि कपूर ने एक अवार्ड शो में एक अवार्ड को 25 हजार रुपए में रातो रात खरीद लिया था जबकी वो अवार्ड उस समय जैकी श्रॉफ को मिल रहा था जिसका जिक्र अभी कुछ महीने पहले खुद ऋषि कपूर ने ही किया और जैकी श्रॉफ से माफ़ी भी मांगी। ये सिनेमा जगत का कटु सत्य है, ऐसी ही अनोखी प्रतिभा के धनी अक्षय कुमार के साथ भी कहीं वर्षो से होता आया है जो की उचित नहीं है। जब एक पत्रकार ने अक्षय कुमार से पूछा की आप इतनी बढ़िया देशभक्ति फिल्मे बना रहे हो और आपको कोई अवार्ड नहीं मिलता है उस अक्षय उस सवाल का जवाब भी नहीं दे पाते है और रो पड़ते है। ऐसा ही कुछ दिनों से बॉलीवुड के महान गायक अरिजीत सिंह के साथ हो रहा है। ये लोग टारगेट भी उन्ही लोगों को करते है जो इनसे हटकर चलते है। जो इनकी हाँ में हाँ नहीं मिलाते जो इन बॉलीवुड के ठेकेदारों का पर्दाफाश करने की ओकात भी रखते है। यह बड़ी विडंबना की बात है की सलमान खान चीनी लड़की लूलिया और श्रीलंकन गर्ल जैकलीन फर्नांडिस जैसी विदेशी लड़कियों को लाकर बॉलीवुड में लॉन्च करवाते है क्या भारत में कलाकारों की कमी है। तापसी पन्नू नवाजुद्दीन सिद्दीक़ी अक्षय कुमार पंकज त्रिपाठी संजय मिश्रा मनोज वाजपई गोविंदा विधुत जम्वाल रणदीप हुडूडा राजकुमार राव जैसे कलाकार आज भी बॉलीवुड में मौजूद है जिनकी आँखों मे एक्टिंग छलकती है। अगर समय रहते कुछ परिवर्तन नहीं हुआ और ऐसे लोगों पर कड़ी करवाई नहीं हुई तो को सुशांत सिंह की तरह हम कहीं मंजे हुए कलाकारों को खो देंगे !






**भगवान सिंह चारण,**
**डीडवाना राजस्थान**
**लेख मेरे द्वारा स्वरचित है किसी भी प्रकार के कॉपी राइट उल्लंघन होने पर में स्वयं जिम्मेदार हुँ**

# 'बंदिश बैंडिट्स' की मुख्य जोड़ी ऋत्विक और श्रेया असल जिंदगी में है नसीरुद्दीन शाह के बहुत बड़े प्रशंसक

मुंबई (ईएमएस)। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो के आगामी शो ÷बंदिश बैंडिट्स÷ का ट्रेलर 20 जुलाई को रिलीज़ किया गया था जिसने दर्शकों को सीरीज़ के प्रति अधिक जिज्ञासु कर दिया है। इस आगामी शो में नसीरुद्दीन शाह, अतुल कुलकर्णी, श्रेया चौधरी, ऋत्विक भौमिक, अमित मिस्त्री, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, कुणाल रॉय कपूर, राहुल कुमार और अन्य कलाकार नज़र आएंगे। इस शो का नेतृत्व श्रेया चौधरी और ऋत्विक भौमिक की जोड़ी द्वारा किया जाएगा, जो क्रमशः तमन्ना और राधे की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ मिलकर बेहद करीब से काम किया है, जो राधे के गुरु पंडित राधमोहन राठौड़ की भूमिका में नज़र आएंगे। बंदिश बैंडिट्स के सेट पर, चूंकि ऋत्विक और श्रेया दोनों ही नसीरुद्दीन शाह के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, वे अक्सर ज्ञान के कुछ शब्दों के लिए उनके आसपास बैठा करते थे। एक अभिनेता के रूप में तेजी से विकास करने की प्राथमिक कुंजी यह है कि आप अनुभवी



अभिनेताओं से जितना सीख सकते हैं, उतना सिख लें। और ऋत्विक व श्रेया कुछ ऐसा ही कर रहे थे क्योंकि उन्हें अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करने का मौका मिला था! हाल ही में, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो द्वारा आगामी शो के गानों के साथ दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है जिसे %बंदिश बैंडिट्स ज्यूकबॉक्स% के रूप में पेश किया गया है। %ज्यूकबॉक्स% में भारतीय शास्त्रीय संगीत से लेकर मॉडर्न पॉप, पारंपरिक लोक गीत से लेकर इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक और ठुमरी तक के विविध गीत संग्रह के साथ कुछ मधुर गाने शामिल है।

## मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर की तस्वीरें शेयर

हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से कुछ तस्वीरें शयेर की हैं। इन तस्वीरों में मलाइका पर्पल कलर के सिमरी कोट पैंट में काफी खूबसूरत और स्टनिंग लग रही हैं। वहीं उनके फैन्स भी तस्वीरों पर बहुत ही मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। दरअसल, एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर फैन्स लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा ?कि ÷अर्जुन कपूर के कोट पैंट है ना। बता दें ?कि इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मलाइका अरोड़ा ने कैप्शन में लिखा ?कि ÷मेरे हाथ से बात करो, क्योंकि मैं नहीं सुन रही हूं। सोशल मीडिया पर मलाइका अरोड़ा की ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। एक्ट्रेस के इस फोटो पर लोग खूब कमेंट रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें, मलाइका अरोड़ा अर्जुन कपूर से अपने रिलेशनशिप को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। हालां?कि दोनों ने अपनी शादी को लेकर कोई बात नहीं की है। हालां?कि इस पर मलाइका अरोड़ा ने कहा था कि अगर वह और अर्जुन कपूर शादी करते हैं तो वह इस बारे में लोगों को बताने से बिल्कुल नहीं कतराएंगी।




## खाली पीली की शूटिंग कर रही हैं अनन्या पांडे

**मुंबई ।** बॉलीवुड हसीना अनन्या पांडे अपनी अगली फिल्म खाली पीली की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में अपने रोल को बेहतरीन बनाने के लिए वह कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। एक हालिया खबर की मानें तो आनन्या इस समय लगातार 23 घंटे तक भी काम कर रही है। सूत्रों की मानें तो लगातार शूटिंग के अलावा अनन्या नरेशंस में शामिल होना और इवेंट्स में शामिल होने जैसे अपने प्रफेशनल कमिटमेंट पूरे कर रही हैं। एक सूत्र ने बताया, %अनन्य इस समय लगातार अपनी शूटिंग और अन्य कामों में बिजी है। हाल में खाली पीली के एक शेड्यूल के दौरान उन्होंने सुबह 8 बजे शूटिंग शुरू की और अगली सुबह तक वह शूटिंग करती रहीं। अनन्या ने एक ही बार में लगभग 23 घंटे से ज्यादा की शूटिंग की।% उन्होंने आगे बताया, %अनन्या के पास इस समय वक्त की काफी कमी है लेकिन उनका कोई भी काम छूट नहीं रहा है। वह एक गाने के लिए शूटिंग कर रही हैं, इवेंट्स में शामिल हो रही हैं। स्क्रिप्ट के रीडिंग सेशन में शामिल हो रही हैं और 2020 में उनकी कई फिल्में आने वाली हैं जिसके लिए वह शूटिंग कर रही हैं। फरवरी के अंत में ही अनन्या कुछ और फिल्मों की शूटिंग भी शुरू कर देंगी।% बता दें कि ईशान खट्टर के साथ वाली %खाली पीली% के अलावा अनन्या ने एक और फिल्म भी साइन की है जिसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और दीपिका पादुकोण दिखाई देंगे। मालूम हो कि अनन्याय ने फिल्म %स्टूडेंट ऑफ द इयर 2% से बॉलिवुड में डेब्यू किया था।

## इंटरनेट पर वायरल हो रही दीपिका-रणवीर की तस्वीर

बालीवुड के हॉट कपल अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और अभिनेता रणवीर सिंह आए दिन सुर्खियों में रहते हैं। अब दोनों की एक तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो रही है, यह तस्वीर फिल्म %राम लीला% के सेट पर की है। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि दीपिका फिल्म में अपने लुक को फाइनल टच दे रही हैं, जबकि रणवीर एकदम तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस तस्वीर को देखते ही दोनों स्टार्स के फैंस की नजरें टिक जाएंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपनी अगली फिल्म 83 के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कपिल देव की भूमिका में हैं और दीपिका कपिल देव की पत्नी रोमी भाटिया के रोल में नजर आएंगे। कबीर खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होगी। यहां बता दें किरणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बी-टाउन में चर्चित कपल में से एक हैं। दोनों ने अपने रिलेशनशिप से लेकर साल 2018 में शादी तक फैंस को काफी उत्साहित करके रखा था।

## छेड़ने वाले की उंगली मरोड़कर भागी थीं तापसी पन्नू



**मुंबई।** तापसी पन्नू सिल्वर स्क्रीन पर अपने अलग तरह के रोल्स के लिए जानी जाती है। फिल्म पिंक में भी उन्होंने एक बहादुर लड़की का रोल निभाया था। हाल ही में उन्होंने एक ऐसी घटना का जिक्र किया जिसमें एक आदमी ने उनको पीछे से टच करने की कोशिश की थी। एक चैट शो में तापसी ने बताया, गुरुपर्व के दौरान हम गुरुद्वारा जाया करते थे और मुझे याद है कि बाहर की तरफ एक स्टॉल थी जिससे लोगों को खाना सर्व किया जाता था। उस जगह पर इतनी भीड़ होती थी कि लोग इस दूसरे से टकराने लगते थे। उस घटना के पहले मेरे साथ एक अजीब अनुभव हुआ, मुझे अंदर से लग रहा था कि अगर मैं इस भीड़ में गई तो ऐसा कुछ हो जाएगा। मैं मानसिक रूप से तैयार ही थी कि तभी मुझे लगा कि पीछे से मुझे कोई छू रहा है।

## तिरुपति बालाजी की शरण में जाह्नवी

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री श्रीदेवी की सुपुत्री एवं नवोदित अभिनेत्री जान्हवी आजकल आंध्र प्रदेश में तिरुमाला के तिरुपति बालाजी की शरण में हैं। दर्शण करने पहुंची जान्हवी कपूर ने मंदिर जाने के लिए नंगे पैर 12 किमी की तिरुमला की पहाड़ी पर बनी 3500 सीढ़ी की चढाई भी तय कर दी। इसके बाद उन्होंने भगवान वेंकेटेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। ऐक्ट्रेस के मंदिर पैदल जाने का विडियो सामने आया है। जाह्नवी कपूर ने एक दिन पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर की थीं। तस्वीर में वह वाइट सलवार सूट



और यलो दुपट्टे में नजर आ रही हैं। उन्होंने सिल?वर झुमके पहन रखे हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने आराम करने की और सीढ़ियों की भी फोटो शेयर किए हैं। बताया जाता है कि जाह्नवी कपूर और उनके परिवार की तिरुपति मंदिर में बहुत आस्था है। वह इसके पहले भी मंदिर जा चुकी हैं और अपनी फिल्म %धड़क% की सफलता के लिए ऐक्ट्रेस यहां आई थीं। यहां बता दे कि जाह्नवी कपूर अब गुंजन सक?सेना की बायॉपिक %करगिल गर्ल% में नजर आएंगी। इसके अलावा वह %रूहीआफ्जा%, %तख?त% और %दोस?ताना 2% जैसी फिल?मों में दिखेंगी। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो जाह्नवी को एक साउथ की फिल?म के लिए अप्रोच किया गया है। इसमें उनके ऑपोजिट %अर्जुन रेड्डी% स?टार विजय होंगे।

## भूमि पेडनेकर प्रियंका चोपड़ा को करती हैं कॉपी

एक?ट्रेस भूमि पेडनेकर ने माना है कि वह प्रियंका चोपड़ा से जुड़ी चीजों को फॉलो करती है। वह प्रियंका को कई मायनों में %कॉपी% करती है। हालांकि करियर की शुरुआत में सिंपल स्टाइल लवर भूमि पेडनेकर अब फैशनेबल बाला में तब्दील हो चुकी है। इसके पीछे उनकी स्टाइलिस्ट के साथ ही शायद प्रियंका चोपड़ा को भी क्रेडिट देना चाहिए। प्लंजिंग नेकलाइन ड्रेस से लेकर पावर सूट लुक और बॉडी कॉन ड्रेसेस तक, भूमि के ये सभी स्टाइल कहीं न कहीं प्रियंका से इंस्पायर्ड दिखते हैं। बता दें कि भूमि हेयरस्टाइल के मामले में भी प्रियंका को फॉलो करती दिखती हैं। प्रियंका के जब लंबे बाल थे और फिर जब उन्होंने अपने हेयर छोटे करवा लिए, तो भूमि भी उनकी इसी राह को फॉलो करती दिखीं। अपने बालों को भूमि लुक्स के मुताबिक स्टाइल करवाती हैं, वह सीधे तौर पर प्रियंका चोपड़ा की स्टाइल से मैच करती नजर आती है। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा को उनके न्यूड मेकअप लव के लिए जाना जाता है। नैचरल टोन मेकअप के साथ, आईज को हाईलाइट करना और प्लंप लिप्स पर नॉन-ग्लॉसी लिपस्टिक इस्तेमाल करना, पीसी की पहचान है। भूमि के मेकअप में भी इन चीजों को आसानी से नोटिस किया जा सकता है। वह भी न्यूड मेकअप के साथ प्रियंका की तरह मैट लिपस्टिक यूज करती हैं और अपनी खूबसूरत आंखों को जरूर हाईलाइट करवाती हैं।




## दिशा पाटनी को कभी नहीं किया किसी ने प्रपोज

**मुंबई ।** बॉलिवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस ऐक्ट्रेसेस में दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ के ?पिछले काफी ?दिनों से चर्चे हैं। हालांकि इस पर दोनों ने ही हमेशा खामोशी बरती है। हालां?कि ?दिशा को कभी किसी लड़के ने प्रपोज नहीं किया है। खबर है ?कि दिशा ने खुद ऐसा कहा है कि उन्हें किसी लड़के ने प्रपोज नहीं किया है। हाल में दिशा अपनी हालिया रिलीज फिल्म ÷मलंग6 के कारण चर्चा में हैं और इसी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें किसी ने प्रपोज नहीं किया। उन्होंने कहा ??कि ÷दरअसल स्कूल में टॉमबॉय थी, इसलिए किसी ने प्रपोज नहीं किया।÷



दिशा ने आगे यह भी कहा कि उनके पिता पुलिस में रहे हैं इसलिए भी शायद किसी ने उनसे पूछा नहीं। उन्होंने कहा ?कि ÷डैड पुलिस में थे, किसी ने पूछा नहीं कभी। फिर कॉलेज में भी किसी ने नहीं पूछा। फिर इधर आ गई। इधर कोई पार्टी-वार्टी में नहीं जाती हूं तो मिली नहीं किसी से। सैड लाइफ रही है काफी।÷ बता दें ?कि इस समय फिल्म ÷मलंग÷ में दिशा की परफॉर्मेंस की काफी तारीफ हो रही है। वहीं इस समय वह सलमान खान के ऑपोजिट फिल्म ÷राधे- योर मोस्ट वॉन्टेड भाई÷ में काम कर रही हैं जिसका डायरेक्शन प्रभुदेवा कर रहे हैं।

## लूटकेस के रिलीज हुए मजेदार पात्रों के पोस्टर




कॉमेडी ड्रामा %लूटकेस% के रिलीज से पहले निर्माताओं ने मजेदार पात्रों के कैरेक्टर पोस्टर रिलीज किए हैं। इनमें पहले पोस्टर में कुणाल खेमू अपने बगल में बैग रखे हुए दिल के आकार की जमीन पर लेटे हुए नजर आ रहे है और बैग के साथ रोमांस करते हुए उनके चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान नजर आ रही है। वहीं, अगले पोस्टर में रणवीर शौरी पुलिस के अवतार में बेहद गंभीर लुक में नजर आ रहे है और ऐसा लग रहा है कि यह बैग उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है, नहीं तो वह अपनी नौकरी खो देंगे। इनमें गजराज राव एक राजनेता के रूप में परफेक्ट लग रहे हैं और मुस्कुरा रहे हैं। अगले पोस्टर में विजय राज नजर आ रहे हैं। उन्होंने बैग चुरा लिया है और ऐसे नजर आ रहे हैं जैसे किसी ने उनसे बैग छीनने की कोशिश की तो वे उसे गोली मारने के लिए तैयार हैं। एक अन्य पोस्टर में कुणाल एक तरफ खूबसूरत गार्डन में रसिका दुग्गल के साथ नजर आ रहे हैं और दूसरी तरफ बैग है। लेकिन उनकी रूचि पैसों से भरे बैग में है, जो उनके जीवन को हमेशा के लिए बदल देगा। निश्चित रूप से, इन मजेदार कैरेक्टर पोस्टर ने दर्शकों को फिल्म के लिए अधिक उत्साहित कर दिया है। बता दें कि इस फिल?म के रिलीज होने में सिर्फ एक सप?ताह बचा है।

**प्रशासन, पुलिस को दुकानदार कार्यवाही करने के लिये मजबूर न करें- पुलिस अधीक्षक**

**निगम के अंतर्गत सभी बाजार कोविड नियमों का पालन करते हुये आज से खुलेंगे- कलेक्टर**

# त्यौहारों को देखते हुये इस सप्ताह जिले में शनिवार और रविवार को लॉकडाउन नहीं होगा

**मुरैना।** कोविड-19 को ध्यान में रखते हुये कुछ समय पहले मुरैना नगर निगम के बाजारों को संपूर्ण लॉकडाउन करना जिला प्रशासन की मजबूरी बन गया था क्योंकि दुकानदारों में से ही संक्रमण शहर के अंतर्गत तेजी से फैल गया था। अब कुछ हद तक स्वास्थ्य, पुलिस, व्यापारी एवं राजस्व अधिकारियों के सकारात्मक सहयोग से कोविड में राहत मिली है। कोविड अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है इसलिये हमें कोविड नियमों का पालन करते हुये निगम के अंतर्गत 30 जुलाई से प्रात: 9 से 4 बजे तक बाजार खोलने की अनुमति प्रदान की जाती है। व्यापारियों को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है जिससे जिला प्रशासन एवं पुलिस को पुन: ऐसी परिस्थितियों को देखना पड़े। यह बात कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त व्यापारियों से कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, अपर कलेक्टर श्री एसके मिश्रा, नगर निगम कमिश्नर श्री अमर सत्य गुप्ता, एसडीएम आर एस बाकना, सीएसपी श्री सुधीर कुशवाह सहित नगर निगम के अंतर्गत सभी व्यापारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने कहा कि मुरैना शहर के अंतर्गत समस्त दुकानदार अपनी दुकानें प्रात: 9 बजे से 4 बजे तक खोलें। बाजार खोलते समय दुकानदार कोविड नियमों का अवश्य पालन करें, जिसमें आने वाले ग्राहक पर मास्क नहीं है तो सामग्री देने से पहले उसे मास्क उपलब्ध करायें। यदि दुकान की किसी भी सामग्री से ग्राहक हाथ लगाता है तो पहले उसके हाथ सेनेटाइज करें। जिस प्रकार सामग्री रखने के लिये पोलिथीन या बैग देता है उसी प्रकार मास्क उपलब्ध करायें तभी सामग्री दें। भले ही मास्क की कीमत ग्राहक से अलग से लें। उन्होंने कहा कि मार्केट में संपूर्ण नो व्हीकल रहेगा। इसके लिये दुकानदार एवं ग्राहक को पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी दुकान में कोई व्यक्ति भीतर दोस्ती यारी करके सामग्री खरीदता है तो उसका पड़ौसी दुकानदार विरोध करे। राजस्व, पुलिस या इंसीडेंट कमाण्डर भ्रमण के समय निकलते हैं, यदि ऐसा पाया जाता है तो उस गली की समस्त दुकानें प्रशासन द्वारा बंद करा दी जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये जिले में इस सप्ताह शनिवार, रविवार का लॉकडाउन नहीं रखा जायेगा। अगले शनिवार, रविवार से पुन: लॉकडाउन सख्ती से रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि कुछ पाने के लिये कुछ सुख-सुविधायें छोड़नी पड़ेगी। इसके लिये वाहन या मोटर सायकिल दुकान तक नहीं ले जा सकेंगे। उन्होंने अगर पैकिंग सामान करके भिजवाना है तो इसके लिये अलग से ऐसे दुकानदारों को सायं 4 से 5 बजे तक का समय तय किया है, किन्तु इस समय दुकानदार दुकानदारी नहीं कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि प्रशासन, पुलिस को दुकानदार कार्यवाही करने के लिये मजबूर न करें, बाजार खोलने में पुलिस फोर्स का उपयोग न किया जाये।



### मिठाई की दुकान, दुकानों के अंदर ही लगायें,

कलेक्टर श्रीमती दास ने कहा कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुये इस बार शनिवार और रविवार को लॉकडाउन नहीं रहेगा। मिठाई की दुकान भी खोली जायेंगी किंतु दुकान पर खड़े होकर कोई भी व्यक्ति मिठाई या नाश्ता नहीं कर सकेगा। मिठाई की दुकान के अंदर ही बिकेगी। सड़क पर किसी प्रकार की दुकान, तख्त प्रतिबंधित रहेंगे।

### दुकान के बाहर तख्त एवं हाथ ठेला मार्केट प्रतिबंधित, नो व्हीकल मार्केट ही रहेगा

कलेक्टर ने कहा कि हनुमान चौराहे का बाजार नियम निर्देशों के पालन के तहत खुलेंगे जिसमें दुकान के सामने किसी प्रकार का तख्त या डिवाइडर के बगल से हाथ ठेला नहीं लगेंगे। ऐसा कोई व्यक्ति या दुकानदार करता है तो उसके खिलाफसख्त कार्यवाही होगी। मार्केट में मार्केट समय तक किसी प्रकार का वाहन प्रवेश नहीं होगा। दुकानदार अपने वाहन को लेकर अपने घर से आते हैं तो उन्हें नो व्हीकल के बाहर ही अपना वाहन छोड़ना होगा। दुकान तक वाहन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### हाथ ठेला के लिये जिला प्रशासन ने अलग से हॉकर्स जॉन तय किये

हनुमान चौराहे पर या किसी दुकान के सामने हाथ ठेला या तख्त पर राखी रखकर विक्रय नहीं करेंगे। इसके लिये जिला प्रशासन ने अलग से हॉकर्स जॉन बनाये हैं। ये राखी विक्रय या फुटपाथ पर कपड़े बेचने वाले वे हॉकर्स जॉन में अपना स्थान चिन्हित करायें। बाजार में विक्रय नहीं कर सकेंगे।

### खेरीज सब्जी मंडी थोक सब्जी मंडी में कल से खुलेगी

त्यौहार को ध्यान में रखते हुये हरी सब्जी ठेलों के माध्यम से गली गली में विक्रय तो हो रही है किंतु खेरीज सब्जी मंडी लगाने वाले लोगों को खेरीज सब्जी बेचने का मौका त्यौहार पर मिले इसके लिये उन्हें थोक सब्जी मंडी में अलग से चबूतरे निगम द्वारा उपलब्ध करा दिये जायेंगे। वे उन चबूतरों पर बैठकर खेरीज सब्जी बेच सकते हैं उन्हें किसी प्रकार का मंडी टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

## नगर पालिक निगम के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही, कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न



**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना के आम निर्वाचन 2020 हेतु वार्डो के आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रियंका दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संपूर्ण कार्यवाही में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एलके पाण्डे द्वारा कराई। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, एसडीएम श्री आरएस बाकना, पार्षद एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आरक्षण की कार्यवाही में नगर पालिक निगम मुरैना में कुल 47 वार्ड बताये गये, जिसमें अनुसूचित जाति का 24.1 संख्या होने पर 11 वार्ड अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित किये गये है। जबकि पिछड़ा वर्ग के लिये 12 वार्ड और अनारक्षित वर्ग के लिये 24 वार्ड तय किये। संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे की जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति महिला के लिये वार्ड क्रमांक 03, 06, 08, 20 और 29, पुरूष के लिये वार्ड क्र. 25, 26, 28, 30, 44 और 47 वार्ड तय किये गये है। पिछड़ा वर्ग के लिये कुल 12 वार्ड तय किये है। जिसमें महिलाओं के लिये वार्ड क्रमांक 12, 16, 32, 33, 34, 46, पुरूष के लिये वार्ड क्रमांक 04, 14, 17, 22, 35, 38 तय किये गये है। इसी प्रकार अनारक्षित वर्ग के लिये कुल 24 वार्ड तय किये गये है।

## चंबल कमिश्नर ने 7 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**मुरैना।** चंबल कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि शासकीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जो अधिकारी संचालित योजनाओं में लापरवाही बरतेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाही होगी। इसके तहत उन्होंने आज 7 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये है, जिनका जबाव 15 दिवस के अन्दर उपलब्ध न कराने पर शासन के नियमों के तहत एक पक्षीय कार्यवाही होगी और नियमों के तहत दो वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जा सकती है। इनमें मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी मुरैना के महाप्रबंधक श्री अमरेश शुक्ला, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी श्योपुर के महाप्रबंधक श्री दिनेश सुकीजा, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी चंबल संभाग ग्वालियर के मुख्य महाप्रबंधक श्री एम.एल. डाबर, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ जिला विपणन अधिकारी एमएस राजपूत, लोक निर्माण विभाग जिला भिण्ड के कार्यपालन यंत्री पंकज परिहार, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी भिण्ड के महाप्रबंधक अशोक शर्मा और मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ श्योपुर के जिला विपणन अधिकारी मनीष नागोरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### बाल संप्रेक्षण गृह, आश्रयगृह में किया गया, निरीक्षण, वर्चुअल ई-कैम्प

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार जैन, अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता बुधवार को जिला मुख्यालय मुरैना पर स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षणगृह एवं आश्रयगृह का ऑनलाईन वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से निरीक्षण एवं ई-विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान अपर जिला जज श्री व्ही.के. गुप्ता एवं मो. अनीस खान द्वारा संप्रेक्षणगृह के अधीक्षक एवं आश्रयगृह के संचालक तथा उपस्थित बच्चों को कोविड-19 कोरोना वायरस के फैलते संक्रमण से बचाव के संबंध में बताया कि अपने हाथों को अच्छी तरह से साबुन से धोऐं एवं अपने चेहरे को हाथों से छूने से बचे तथा कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाकर रखे जिससे कोरोना वायरस संक्रमण फैलने का खतरा कम रहें। साथ ही परिसर को समय-समय पर सेनेटाइजेशन कराए जाने हेतु निर्देशित किया । गया एवं समय-समय पर स्टाफ की भी थर्मल स्क्रीनिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा गणवेश निर्माण की रणनीति पर प्रशिक्षण आयोजित

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तरूण भटनागर के अथक प्रयासों व मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत के स्व-सहायतों समूहों की दीदियों द्वारा जिले में आजीविका संवर्धन के कई महत्तवपुर्ण कार्य किये जा रहे है। जिनमें कृषि, पशुपालन, गैर कृषि क्षेत्रों, नर्सरी, कालीन निर्माण, विभिन्न सिलाई सम्बन्धी कार्य, ब्बिए वर्मी खाद, दुकानों आदि का कार्य कर 3500 से अधिक परिवार लाभ प्राप्त कर रहे है। वहीं कोविड-19 में लगभग 493000 मास्क व 2860 लीटर सैनेटाइजर, हाइपो, वाश उत्पादों में साबुन, लिक्विड हेडवश, फिनायल, डिश वॉश आदि लगभग 1.5 करोड़ का व्यवसाय प्राप्त हुआ है। इसी कड़ी में अब राज्य शिक्षा केन्द्र के साथ अभिसरण अनुसार गणवेश निर्माण का कार्य स्व-सहायता समूहों की दीदियों को ही आवंटन के निर्देश हुऐ। इसी कार्य के लिये मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत मुरैना द्वारा स्व-सहायता समूहों को गणवेश निर्माण हेतु रणनीति बनाकर कार्य करवाने का दो दिवसीय प्रशिक्षण संचालित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। म.प्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण जौरा, कैलारस, पहाड़गढ़, सबलगढ़ के स्टाफव दीदियों की उपस्थिति में सहभागी प्रशिक्षण आयोजित है। इस प्रशिक्षण में अन्य सहयोगी प्रशिक्षण संस्थान के रूप में जन शिक्षण संस्थान मुरैना के निदेशक श्री उमेश शर्मा, श्री नवल शिवहरे भी उपस्थित हुऐ। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आर के गोस्वामी, जिला परियोजना प्रबन्धक श्री दिनेश सिंह तोमर, रिसोर्स पर्सन श्री दिवाकर, श्री अमित राजपूत विकासखण्ड प्रबन्धक सहित जिला प्रबन्धक श्री वीरेश भदोरिया, श्री धर्मेंद्र करोरिया, श्री उमेश राजौरिया, श्री विमल, श्री सुरजीत चौहान, श्री शशि शर्मा, श्री अमित शुक्ला एवं दीदियों में श्रीमती आराधना, राजकुमारी, राजकुमारी जाटव, श्रीमती शारदा, श्रीमती ममता सहित अन्य विकासखण्ड स्टाफ उपस्थित रहा। इस सत्र के आरम्भ में ही कोविड-19 के सम्बंध में समझाईस, सोशल डिस्टेंटिंग, हैंडवाश, मास्क पहनना, दो मीटर की दूरी पर बैठक व्यवस्था व फीवर आदि की परिस्थितियों में सावधानी पर भी गहनता से चर्चा हुई। प्रशिक्षण में गणवेश निर्माण में रणनीति व सहभागिता के द्वारा कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें मुरैना जिले के 07 विकासखंडों के 03 संकुल स्तरीय संगठन सहित कुल 280 स्व-सहायता समूहों की 907 दीदियों द्वारा 27 केन्दों पर 90 दिनों में 3900000 से अधिक गणवेश बनाई जाएगी।



**संक्षिप्त समाचार**

### किसान भाई 31 जुलाई तक करा सकते हैं खरीफ फसलों का बीमा

**मुरैना।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम की अधिसूचित फसलों के बीमा की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2020 है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। कृषक भाई अपनी फसल की प्रीमियम राशि जमा कर योजना का लाभ अवश्य उठायें। जिले में अधिसूचित फसलें जिनमें जिला स्तर पर उड़द एवं मूँग, तहसील स्तर पर ज्वार एवं तिल, पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित, सोयाबीन, बाजरा का बीमा किए जाने का प्रावधान है।

### छात्रवृत्ति के लिए संस्थायें अपना केवाईसी रजिस्टर करायें

**मुरैना।** अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा पोर्टल पर केवाईसी रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के भुगतान की प्रक्रिया नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर की जाती है। जिन शिक्षण संस्थाओं की केवाईसी का रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर लंबित हैं वे केवाईसी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करायें। एनएसपी 2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्रों की शत-प्रतिशत आधार सीडिंग, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करें।

### सब जेल सबलगढ़ में खुली मुलाकात पर प्रतिबंधित

**मुरैना।** कोरोना महामारी के तेजी से प्रसार को देखते हुये राज्य शासन द्वारा जेलों में सभी प्रकार की मुलाकातों को प्रतिबंधित किया गया है। इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के पर्व पर सब जेल सबलगढ़ में आयोजित की जाने वाली खुली मुलाकात पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। सहायक जेल अधीक्षक सब जेल सबलगढ़ के द्वारा बताया गया कि 3 अगस्त रक्षाबंधन के अवसर पर सब जेल सबलगढ़ पर दी जाने वाली खुली मुलाकात पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी।

## कृषि राज्य मंत्री गिर्राज डण्डोतिया ने दिमनी विधानसभा क्षेत्र में करीबन 46 लाख रूपये के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

**मुरैना।** प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास राज्यमंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया ने दिमनी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों 46 लाख रूपये की लागत से 3 सड़कों का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब किसान के विकास के लिये प्रदेश सरकार चिन्तित है। किसानों के हर दुख दर्द को सरकार गंभीरता से लेती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों के लिये 24 घंटे चिन्तित रहते है। वे कहते है कि प्रदेश का किसान खुशहाल रहेगा तो मध्यप्रदेश का विकास स्वत: होगा। इसलिये उन्होंने गांव-गांव सड़के, बिजली व पानी का प्रबंध करने के लिये मंत्रीयों निर्देश दिये है। इसलिये गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके लिये तहत आज 3 सड़कों का भूमि पूजन किया है। इन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यह गांव मुख्य सड़क से जुड़ जायेंगे और विकास की झलक इन गांवों में दिखेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कृषि राज्यमंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया ने ग्राम पूरन के मकान से बजरंग मंदिर की ओर खेरिया कला सुदूर सड़क निर्माण अनुमानित लागत राशि रुपए 16 लाख रूपये, मेन रोड़ काजी बसई से सूबेलाल का पुरा बघेलों का पुरा तक सड़क निर्माण अनुमानित लागत राशि रुपए 15 लाख और जिनाबली रोड से तुस्सिराम का पुरा मार्ग अनुमानित लागत राशि 15 लाख रूपये की 3 सड़कों का भूमिपूजन किया।





किसीमिसी में एमएलएस फुटबॉल मुकाबले में खेलते हुए सेन जोस व रियल सॉल्ट लेक के खिलाड़ी।

## महिला क्रिकेट की उपेक्षा से निराश हैं रंगास्वामी

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान एवं बीसीसीआई की सर्वोच्च परिषद की सदस्य शांता रंगास्वामी ने महिला क्रिकेट की उपेक्षा पर निराशा व्यक्त की है। रंगास्वामी ने कोरोना महामारी को लेकर कहा कि लगता है प्रकृति ने भी महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ साजिश शुरू कर दी है। चीजों को आगे बढ़ाने के प्रयासों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है। महिला क्रिकेट टी-20 चैलेंज को लेकर भी संशया बना हुआ है। इस वर्ष जुलाई-अगस्त में महिला क्रिकेट टीम को द्विपक्षीय सीमित ओवरों की सीरीज के लिए इंग्लैंड जाना था पर यह दौरा भी कोरोना वायरस महामारी के कारण रद्द हो गया। वहीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कारण महिला टी-20 चैलेंज का इस वर्ष होना कठिना होता नजर आ रहा है। महिला टी-20 चैलेंज का आयोजन आईपीएल से इतर होना था पर इसका ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग से टकराव हो सकता है। इस वर्ष आईपीएल नौ सितंबर से लेकर 10 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में होगा जबकि महिला बिग बैश लीग का आयोजन 17 अक्टूबर से 29 नवंबर तक होगा।

## एंडरसन और ब्रॉड को टीम में बनाये रखे इंग्लैंड : स्टीवर्ट



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलेक स्टीवर्ट का मानना है कि जब तक संभव हो अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को राष्ट्रीय टीम के लिए एक साथ खेलना चाहिए। स्टीवर्ट के अलावा इंग्लैंड के अन्य पूर्व क्रिकेटरों का भी मानना है कि एंडरसन और ब्रॉड ने अब तक एक दूसरे का अच्छा साथ दिया है और इतने वर्षों में उनके प्रदर्शन ने साबित किया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है, इसलिए जब तक ये खेल सकते हैं तब तक टीम में रहें। एंडरसन और ब्रॉड दोनों की उम्र 34 साल से अधिक है पर अभी तक ये दोनो फिट हैं। स्टीवर्ट ने कहा, 'ब्रॉड और एंडरसन को बाहर हो जाना चाहिए या नहीं या क्या वे एक साथ खेल सकते हैं, इस पर काफी कुछ कहा और लिखा गया।% उन्होंने कहा, 'उन्होंने दिखा दिया है कि भूल जाइए कि उनकी उम्र क्या है और उनके जन्म प्रमाण पत्र क्या कहते हैं, अगर आप अच्छे हैं तो उम्र मायने नहीं रखती।% स्टीवर्ट ने कहा, 'मैं भविष्य के बारे में सोचने की सराहना करता हूं पर ब्रॉड और एंडरसन जब भी नई गेंद थामते हैं तो दिखा देते हैं कि वे किसी भी युवा के जितने ही अच्छे हैं और उन्होंने अपनी क्षमता भी दिखाई है।% 34 साल के ब्रॉड को साउथम्पटन में पहले टेस्ट की शामिल नहीं किया गया था और इस मैच में इंग्लैंड टीम की हार के बाद उन्हें नहीं लिए जाने के लिए आलोचना हुई थी।

# इंग्लैंड-वेस्टइंडीज मैच : बारिश के कारण धुला चौथे दिन का खेल




**मैनचेस्टर।** बारिश की बाधा के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल नहीं हो पाया। मेजबान टीम इंग्लैंड के लिए यह करारा झटका है क्योंकि उसे जीत के लिए केवल आठ विकेट चाहिये थे। अब मेजबान टीम की जीत अंतिम दिन के खेल पर ही निर्भर करेगी। इंग्लैंड की टीम उम्मीद करेगी कि बारिश न हो और पूरे दिन का खेल हो सके। वहीं मेहमान टीम वेस्टइंडीज को जीत के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है और उसके बल्लेबाजों के लिए दिन भर बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा। वेस्टइंडीज को अभी जीत के लिए 389 रन बनाने हैं और उसके पास केवल आठ विकेट हैं। उसने दूसरी पारी में अपने दो विकेट दस रनों पर ही गंवा दिये हैं। सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रैथवेट दो और शाई होप चार रन बनाकर खेल रहे हैं। ंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड शानदार लय में हैं और उन्होंने पहली पारी में छह जबकि दूसरी पारी में दोनो विकेट लिए हैं। उन्हें अपने 500 विकेट का आंकड़ा पूरा करने के लिए अभी केवल एक विकेट की जरुरत है।

# ऋषभ को झटका लगना जरुरी था : पठान



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा है कि टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को कप्तान विराट कोहली का काफी समर्थन मिला पर वह अपने को साबित नहीं कर पाये, इसलिए उन्हें झटका लगना जरुरी था। पठान ने कहा, %अगर आप ऋषभ की बात करें तो वो एक युवा खिलाड़ी हैं। उनके ऊपर बहुत ज्यादा ध्यान था। अब उनके ऊपर से लोगों का ध्यान हट रहा है जो कि इस युवा खिलाड़ी के लिए अच्छा है और दूसरे खिलाड़ियों के लिए भी ये सही है।% पठान ने आगे कहा, %कभी-कभी आपको बहुत ज्यादा समर्थन मिलता है। विराट ने ऋषभ के साथ ऐसा ही किया पर अंत में जब आपको धक्का लगता है तब आपकी प्रतिभा का पता चलता है।% ऋषभ ने साल 2017 की शुरुआत में ही टीम इंडिया में जगह बना ली थी। साल 2018 में वह इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम का नियमित हिस्सा बने थे। ऋषभ ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाया पर वह एकदिवसीय और टी20 में अपने को साबित नहीं कर सके। उन्होंने अहम अवसरों पर गैरजिम्मेदाराना शॉट लगाकर अपने विकेट गंवाये हैं। इस कारण वह आलोचना का भी शिकार हुए हैं। यही वजह है कि उनपर और दबाव बढ़ गया और उनका खेल बिगड़ता चला गया। अब आईपीएल से ऋषभ के पास लय हासिल करने का अच्छा अवसर है।

## पूर्व क्रिकेटर बोला, मानसिक रुप से मजबूत बने रहें क्रिकेटर

**नई दिल्ली** । पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल ने खिलाड़ियों से कहा है कि वे कोरोना महामारी के इस दौर में अपना मनोबल बनाये रखें। इसके साथ ही अपनी फिटनेस बनाये रखें ताकि जब भी क्रिकेट शुरु हो उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न आये। पाटिल ने कहा कि इस कठिन समय में सभी खिलाड़ियों को अपनी मानसिक क्षमता को भी मजबूत बनाये रखना होगा। साथ ही कहा कहा, "आपको धीमी शुरुआत करनी होगी और तय करना होगा कि आपका ध्यान पूरी तरह से चोट मुक्त वापसी कर रहे।।" पाटिल ने 1983 विश्व कप फाइनल में वेस्टइंडीज की मजबूत टीम के खिलाफ भारत की जीत का उदाहरण देते हुए कहा कि इस मैच से साबित होता है कि मानसिक मजबती से कैसे मैच जीते जा सकते हैं।उन्होंने कहा, "विश्व कप 1983 के फाइनल में हमारे 183 रन पर सिमटने के बाद हमने सोचा था कि हमारी जीत की संभावना खत्म हो गई है पर दूसरी पारी के लिए मैदान पर पैर रखने से पहले हम सभी ने हार नहीं मानने का फैसला किया और बाकी सब कुछ इतिहास बन गया।

# इस साल टेनिस मुकाबले नहीं खेलेगी स्तोसुर



**मेलबोर्न।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की सामंथा स्तोसुर कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए इस साल टेनिस मुकाबलों से दूर रहेंगी। स्तोसुर पिछले महीने मां बनी थीं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अगले वर्ष खेल में वापसी करेंगी। कोरोना महामारी के कारण पिछले चार माह से बंद रहने के बाद महिला डब्लूटीए टेनिस टूर तीन अगस्त से पालेरमो ओपन से शुरू होने की उम्मीद है। स्तोसुर ने टेनिस ऑस्ट्रेलिया से कहा, 'कोरोना, क्वारंटीन और अन्य परेशानियों को देखते हुए मैंने तय किया है कि मैं शेष वर्ष कोर्ट पर नहीं उतरूंगी। मैं इस समय का आनन्द अपने परिवार के साथ समय गुजारते हुए ले रही हूं।% ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 2011 में अपनी सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंची थी और उस साल उन्होंने अमेरिकी ओपन में सेरेना विलियम्स को हराकर खिताब जीता था।

# ओप्पो ने लांच किया एफ15 स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी ओप्पो ने भारतीय बाजारों में 4 जीबी रैमऔर 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट के साथ ओप्पो एफ15 लांच किया है। इसकी कीमत 16,990 रुपये रखी गई है। स्मार्टफोन पहले 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज कॉम्बिनेशन में उपलब्ध था। नए डिवाइस की स्पेसिफिकेशन्स की बात करें तो, एंड्राइड 9 पी ओएस पर आधारित इस स्मार्टफोन में 6.4 इंच का फुल एचडी प्लस एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जिसमें 90.7 स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो है। यह डिवाइस मीडिया टेक हेलियो पी 70 एसओसी द्वारा सपोर्टेड है। इसमें 4000 एमएएच बैटरी वीओओसी 3.0 फ्लैश चार्ज के साथ आता है। फोटोग्राफी की बात करें तो, स्मार्टफोन में क्वाड रियर कैमरा सेटअप है, जिसमें 48 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा, 8मेगापिक्सल सेकेंडरी कैमरा, पोर्ट्रेट शॉट्स के लिए 2मेगापिक्सल सेंसर कैमरा और 2 मेगापिक्सल मोनोक्रोम सेंसर के साथ आता है। फोन में 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा भी है जो कि नोच में रखा गया है।

## होंडा ने बेचे 11 लाख बीएस6 टू वीलर्स

**नई दिल्ली।** जानीमानी कंपनी होंडा मोटरसाइकल ऐंड स्कूटर इंडिया ने सिर्फ 9 महीने में 11 लाख बीएस6 टू वीलर्स सेल किए।कंपनी ने टू वीलर्स सेल के मामले में नया रेकॉर्ड बनाया है। सूत्रों की माने तो कंपनी ने सितंबर 2019 में बीएस6 वाहनों की सेल शुरू की थी। ऐसे में ध्यान देने की बात ये है कि कोरोना वायरस आउटब्रेक के चलते बीते कुछ महीने ऑटो सेक्टर की सेल्स के लिए काफी मुश्किल रहे। ऐसे में होंडा का यह कीर्तिमान और खास हो जाता है। भारतीय बाजार में होंडा का सबसे बड़ा कॉमप्टिटर हीरो मोटोकॉर्प रहा। हीरो ने बीएस 6 वाहनों की सेल इस साल ही शुरू की है। मौजूदा समय में लोग अब पब्लिक ट्रांसपोर्ट की जगह निजी वाहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं ऐसे में कंपनी ने ग्राहकों के लिए ऑनलाइन बुकिंग, आकर्षक रीटेल फाइनेंस स्कीम और 6 साल तक की वॉरंटी जैसी सर्विस लाई है।

# सोना 52000 के पार, चांदी आठ सालों के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई** । सोने की कीमत ने मंगलवार को नया रेकॉर्ड बनाया है। दस ग्राम सोने की कीमत 52435 के स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को सोने की कीमत 52414 के स्तर छुई थी। चांदी की कीमत 67560 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जो आठ सालों का उच्चतम स्तर है। एंजेल कमोडिटी के डीवीपी अनुज गुप्ता का कहना है ?कि आने वाले समय में समय में सोने के भाव में और तेजी आ सकती है। अमेरिका-चीन के बीच जारी तनाव के कारण डॉलर में कमजोरी आई है। इसके अलावा यूएस बांड यील्ड में निचले स्तर पर है और यही कारण है कि बुलियन की मांग में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सोनेचांदी में यह तेजी आगे भी जारी रहेगी और सोने का भाव 53 हजार तक जा सकता है, जबकि चांदी 70 हजार के स्तर को छू सकती6 है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2000 डॉलर के भाव तक पहुंच सकता है जबकि चांदी में तेजी रहेगी। सोमवार को राजधानी दिल्ली में सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में 905 रुपये की तेजी आई। 10 ग्राम सोने की कीमत 52960 रुपए पर पहुंच गई थी। शुक्रवार को यह कीमत 52055 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी की कीमत में सोमवार को 3347 रुपउ की तेजी आई। यह कीमत 65670 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को यह कीमत 62323 रुपए प्रति किलोग्राम थी। ?विदेशी बाजार में सोमवार को सोना 1935 डॉलर प्रति आउंस और चांदी 24 डॉलर प्रति आउंस पर पहुंच गई थी। है कि 2021 के अंत तक वै?श्विक बाजार में सोने की कीमत 3000 डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच सकती है। अगर ऐसा होता है तो 24 कैरेट सोने की कीमत उस समय 73000 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच जाएगी। एमसीएक्स पर मंगलवार सुबह अगस्त डिलिवरी वाले गोल्ड की कीमत 193 रुपए की तेजी के साथ 52294 रुपए, अक्टूबर डिलिवरी वाला गोल्ड 158 रुपए की तेजी के साथ 52410 रुपए और दिसंबर डिलिवरी वाला गोल्ड 150 रुपए की तेजी के साथ 52511 रुपए प्रति दस ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। है। एमसीएक्स पर सुबह सितंबर डिलिवरी वाली चांदी 927 रुपए की तेजी के साथ 66455 रुपए और दिसंबर डिलिवरी वाली चांदी 918 रुपए की तेजी के साथ 67955 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है।

# कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये टीम भावना के साथ कार्य किया जाए

## कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम का कार्य टीम भावना के साथ करें। अपनी-अपनी टीम के सदस्यों को प्रोत्साहित भी करें। कोविड-19 में पॉजिटिव केस प्राप्त होने पर उस क्षेत्र को तत्काल कंटेन्मेंट क्षेत्र बनाने हेतु बेरीकेटिंग का कार्य भी किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को कोविड-19 के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये बाल भवन में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री किशोर कन्याल, एडिशनल एसपी श्री पंकज पाण्डेय सहित सभी इंसीडेंट कमांडर, पुलिस अधिकारी, चिकित्सक, नगर निगम के क्षेत्राधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में कहा कि इंसीडेंट कमांडर अपनी टीम के साथ समन्वय बनाकर संक्रमण की रोकथाम के लिये कार्य करें। मरीज निकलने पर तत्काल कंटेन्मेंट क्षेत्र में बेरीकेटिंग कराने का कार्य किया जाए। इसके साथ ही क्षेत्र में सर्वेक्षण का कार्य भी प्राथमिकता से स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि कंटेनमेंट क्षेत्र में सर्वेक्षण, सेम्पलिंग एवं बीमार होने पर मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने का कार्य स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में स्पष्ट किया कि कोविड-19 के संक्रमण के कार्य में जो जवाबदारियां अधिकारियों और कर्मचारियों को सौंपी जा रही हैं उसका वह निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन करें। सौंपे गए दायित्वों का पालन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी इंसीडेंट कमांडरों से कहा है कि वे संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन एवं मास्क न पहनने वालों के विरूद्ध चालान की कार्रवाई भी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में एसडीएम लश्कर श्री सी बी प्रसाद के क्षेत्र में संक्रमण की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की प्रशंसा की। उन्होंने इंसीडेंट कमांडर सहित पुलिस, नगर निगम एवं चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से किए गए कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये जो अधिकारी और कर्मचारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें 15 अगस्त को प्रशस्ति पत्र भी दिया जायेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को मैं स्वयं अपने हाथ से लिखकर बधाई पत्र भी दूँगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी इंसीडेंट कमांडरों को यह भी निर्देशित किया है कि वे कंटेनमेंट क्षेत्र में जन जारूकता के लिये प्रचार-प्रसार का कार्य भी करें। कंटेनमेंट क्षेत्र में सप्लाई चैन के माध्यम से लोगों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हों यह भी सुनिश्चित किया जाए।



# राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्रों से बात कर उनकी हौसला अफजाई की



**शिवपुरी के गौरव ओझा कृषि संकाय में और अनुष्का गुप्ता ने विज्ञान संकाय में प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान, गौरव ओझा और अनुष्का गुप्ता से सांसद सिंधिया ने की बात**





ग्वालियर। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में नाम रोशन करने वाले शिवपुरी के छात्रों से राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को मोबाइल फोन पर बात की। इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी के छात्रों का हौसला बढ़ाया और आगे भी इसी तरह की पढ़ाई जारी रखने की बात कहते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिवपुरी जिले के छात्र गौरव ओझा ने बोर्ड की हाई सेकेंडरी की परीक्षा में कृषि संकाय में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। गौरव ओझा से राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बात की और उन्हें अच्छे अंक लाने पर बधाई दी। सांसद सिंधिया ने गौरव ओझा से उनके परिवार का हाल जाना और इसी तरह आगे पढ़ाई जारी रखने की बात कहीं। वहीं दूसरी छात्रा अनुष्का गुप्ता जिन्होंने 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनसे भी सांसद सिंधिया ने मोबाइल से बात की। सांसद सिंधिया ने अनुष्का की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वह इसी तरह से पढ़ाई जारी रखे और लक्ष्य बनाकर के अपना कैरियर बनाएं। अनुष्का गुप्ता के उज्जवल भविष्य की सांसद सिंधिया ने कामना की। गौरतलब है कि राज्यसभा सदस्य लगातार शिवपुरी जिले के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए हमेशा से प्रयासरत रहे हैं। इसके लिए शिवपुरी जिले में उन्होंने नए शैक्षणिक संस्थान खुलवाए। शिवपुरी में मेडिकल कॉलेज, एनटीपीसी इंजीनियरिंग कॉलेज, एनपीटी ट्रेनिंग सेंटर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय और सेंट्रल स्कूल खुलवाए जिससे इस क्षेत्र के बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

# 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दिखाया ईमानदारी का परिचय

**ग्वालियर। अरुण शुक्ला पुष्पांजलि टुडे**

बुधवार सुबह 9-36 आनंदपुर ट्रस्ट आई हॉस्पिटल के पास फोर व्हीलर टू व्ही लर में एक्सीडेंट हुआ राहगीरों ने जिसकी सूचना पुरानी छावनी थाना 108 लोकेशन द्वश्च02 एबी 4379 को सूचना दी, पायलेट सुशील कुमार और ईएमटी सुनील खार बिना समय गंवाए शीघ्र ही घटनास्थल पर पहुंचे, घायल व्यक्ति जिसका नाम सतीश उम्र 30 साल निवासी रणधीर कॉलोनी गोले का मंदिर, जिसकी हालत ज्यादा नाजुक होने के कारण उसे उपचार देते हुए जे,एच, ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया एवं मरीज के पास एक मोबाइल पर्स जिसमें कुछ पैसे थे जल्दी में उनके परिजन मोबाइल और पर्स छोड़ गए थे एंबुलेंस के ड्राइवर ने पर्स और मोबाइल देखा उन्होंने तुरंत ही मरीज के परिजनों को सौंप दिया एंबुलेंस स्टॉप सुशील कुमार एवं सुनील खार ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक ईमानदारी की मिसाल पेश की है मरीज के परिजनों ने सुनील कुमार एवं सुनील खार को धन्यवाद दिया मरीज को भर्ती कराया गया जहां उसका प् उपचार चल रहा है



## संक्षिप्त समाचार

### दो मकानों से लाखों का माल चोरी

**ग्वालियर।** शातिर चोर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो मकानों के ताले चटका कर नकदी गहने सहित करीब 24 लाख का माल चोरी कर ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है! जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के हरदेव की टाल निवासी उदय सिंह सेना में जवान है बीते रोज उनके बड़े भाई का जालौन में निधन हो गया था वह बच्चों और पत्नी के साथ गमी में गए थे तभी चोरों ने उनके घर के ताले चटका दिए और तीन लाख की नगदी तथा गहने सहित 20 लाख का माल चोरी कर ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है! वही महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दी पुरम में रहने वाले अशोक शर्मा की मां का निधन हो गया था वह परिवार सहित भिंड गए थे तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दिए और घर से नकदी गहने से चार लाख का माल समेट ले गए संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है!

### एलएनआईपीई के एक्जाम की शुरुआत 28 से

**ग्वालियर।** लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई) ने अगस्त में होने वाले एक्जाम का शेड्यूल जारी कर दिया है। एक्जाम दो शिफ्टों में होंगे, पहली शिफ्ट सुबह 11 से दोपहर 2 बजे की रहेगी। वहीं दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक की रहेगी। एक्जाम की शुरुआत 28 अगस्त से होगी। इनमें बीपीएड आठवां सेमेस्टर, एमपीएड चौथा सेमेस्टर, एमए योगा-4 सेमेस्टर सहित अन्य विषय शामिल हैं। जानकारी के लिए ॅ.त्हग्ज.।ूिग्ह वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम 31 को

**ग्वालियर।** बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि 31 जुलाई को है। श्यामा म्यूजिकल ग्रुप की ओर से मोहम्मद रफी की याद में 12 घंटे नॉनस्टॉप उनके गीतों पर आधारित होगा। कार्यक्रम सुबह 8 से रात 8 बजे तक होगा। इसमें बारी-बारी से सिंगरों को बुलाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए फीमेल सिंगरों को मौका दिया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए प्रतिभागी को 2 मिनट का वीडियो बनाकर संजय धूपर के एफबी पेज पर अपलोड करना होंगे। 30 जुलाई शाम 5 बजे फीमेल सिंगरों के नाम और प्रस्तुति की टाइमिंग की सूची जारी की जाएगी।

# कैट ने हिन्दुस्तानी राखी का स्टॉल लगाया, बिक्री शुरू



**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग द्वारा जरूरतमंद महिलाओं से राखी बनवाने का कार्य प्रारंभ किया गया और आज से इसकी बिक्री स्टॉल लगाकर प्रारंभ की गयी। स्टॉल का शुभारंभ कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने किया। इसकी जानकारी देते हुए कैट की राष्ट्रीय कायर्यकारिकणी सदस्य श्रीमती कविता जैन, मध्यप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रीना गाँधी, श्रीमती बबीता डाबर एवं प्रशिक्षक विमलेश जैन ने बताया कि हमने जरूरतमंद महिलाओं मनीषा फालके, करुणा माहौर, रानी सिंघल, निशु वर्मा, पल्लवी वर्मा, सपना माँझी, ज्योति कर्ण, काजल शाक्य, नंदनी मौर्य, निशा माहौर, तरन्नुम को लेकर इस राखी अभियान की शुरूआत की थी और यह प्रसन्नता की बात है कि हमने 10-10 राखी के जो पैकेट बनाये थे, वे 200 रुपये प्रति पैकेट हम अनेक सदस्यों के घर तक विक्रय कर चुके हैं। आज राजीव प्लाजा में हिन्दुस्तानी राखी विक्रय के स्टॉल का शुभारंभ किया गया, जिस पर काफी लोगों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की। कैट पदाधिकारियों ने बताया कि 30 और 31 जुलाई को टोपी बाजार लश्कर में भी हिन्दुस्तानी राखी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगी। साथ ही आज कैट ने राफेल राखी भी लांच की और चीनी सामान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए इन राखियों को बाजार में विक्रय हेतु उपलब्ध कराया।

### आदतन आरोपी सुरेन्द्र को एक लाख का बंध पत्र प्रस्तुत करने का आदेश

**ग्वालियर।** आदतन आरोपी सुरेन्द्र सिंह गुर्जर को पुलिस थाना बिजौली में उपस्थित होकर सदाचार बरतने के संबंध में एक लाख रूपए का बंध पत्र देना होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है। आरोपी सुरेन्द्र सिंह पुत्र करतार सिंह गुर्जर निवासी ग्राम हिमैयापुरा थाना क्षेत्र बिजौली के खिलाफ लगभग एक दर्जन संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# इंसान के अच्छे नेचर की खुशबू चारों दिशाओं में फैलती है-मुनिश्री

**ग्वालियर/दतिया सोनागिर!** जिंदा रहने के लिए भोजन जरूरी है भोजन से ज्यादा पानी जरूरी है पानी से ज्यादा वायु जरूरी है वायु से ज्यादा आयु जरूरी है पर आयु से भी ज्यादा सफल होने के लिए आत्मविश्वास जरूरी है! जो लोग आत्मविश्वास से भरे होते हैं उनके हर सपने पूरे होते हैं। आज देश का युवा आत्मविश्वास से रिक्त है वह कामयाब तो होना चाहता है लेकिन काबिल नहीं बनना चाहता। सफलता के पीछे भागने से सफलता प्राप्त नहीं होती है। काबिल बनने से कामयाबी चरणों में आकर नतमस्तक हो जाती है। इतिहास बनाने वाले कोई स्वर्ग से नहीं आए थे उन्होंने भी मां के गर्भ से ही जन्म लिया था और आपने भी। इसलिए हिम्मत नहीं हारे निराशा और हताशा से दूर रहे। *यह विचार क्रांतिवीर मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज ने सोनागिर स्थित आचार्य पुष्पदंत सागर सभागृह मैं धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही!




## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478